■ कार्तिक शुक्ल - 3 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 111 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 16-11-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 क्या कांग्रेस के राज में बन सकता था अयोध्या में भव्य राम मंदिर : योगी

6 दीपावली त्यौहार ने दी है भारत को आर्थिक ताकत

7 रणवीर से मिलकर अच्छा लगता है : दीपिका



## फर्स्ट टेक

### जिम्बाब्वे में बस-ट्रक की टक्कर, 22 लोगों की मौत

**हरारे/वार्ता।** जिम्बाब्वे के बुलावायो के पास मंगलवार रात एक मिनीबस और ट्रक की टक्कर में 22 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को इस घटना की पुष्टि की। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स ' पर कहा, बुलावायो-बीटब्रिज रोड पर एक टोयोटा क्वांटम वाहन और एक डीएएफ ट्रक की टक्कर में 22 लोगों क मौत हो गयी। इस घटना में दो अन्य लोग घायल हुए हैं। जिम्बाब्वे के सबसे बड़े दैनिक समाचार पत्र द हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, ड्राइवर सहित मिनीबस में सवार सभी 22 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक में सवार दो लोग घायल हुए हैं। हो गए।

### एर्दोगन ने इजराइल को बताया 'आतंकवादी देश'

**अंकारा/वार्ता।** तुर्कीए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को इजराइल को आतंकवादी देश कहा। एर्दोगन ने तुर्कीए के सांसदों से कहा इजरायल गाजा को आतंकित कर रहा है। इज़रायल एक आतंकवादी देश है। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि इज़रायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पास परमाणु हथियार हैं लेकिन उनका अंत निकट है। एर्दोगन ने कहा, गाजा पट्टी में नरसंहार करने के लिए नेतन्याहू को हेग में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के सामने पेश होने की जरूरत है।

### एडो ने दास व्यापार पर अफ्रीका के लिए क्षतिपूर्ति का आह्वान किया

**अकरा/वार्ता।** घाना के राष्ट्रपति नाना एडो डंकवा अकुफो-एडो ने मंगलवार को महाद्वीप पर ट्रांस-अटलांटिक दास व्यापार के प्रभावों पर अफ्रीका के लिए क्षतिपूर्ति का आह्वान किया। एडो ने राजधानी अकरा में अकरा क्षतिपूर्ति सम्मेलन के उद्घाटन पर यह अपील की और इन क्षतिपूर्तियों को लंबे समय से लंबित बताया। उन्होंने कहा, 'दास व्यापार के प्रभाव महाद्वीप और अफ्रीकी प्रवासियों के लिए विनाशकारी रहे हैं। गुलामी की पूरी अवधि का मतलब था कि आर्थिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक रूप से हमारी प्रगति अवरुद्ध हो गई थी।' एडो ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में अपने संबोधन में क्षतिपूर्ति का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा, 'यह अफ्रीका के उन दो करोड़ बेटों और बेटियों के लिए समय है जिनकी आज़ादी छीन ली गई और उन्हें गुलामी के लिए बेच दिया गया, साथ ही मुआवज़ा पाने का भी समय आ गया है।' इस चार दिवसीय कार्यक्रम में 'न्याय के मुद्दे को आगे बढ़ाने और अफ्रीकियों को मुआवजे के भुगतान के लिए एक संयुक्त मोर्चा बनाने' के विषय पर, विद्वानों, कानूनी विशेषज्ञों और नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ कई अफ्रीकी राष्ट्राध्यक्षों और सरकार को एक साथ लाया गया।

| 16-11-2023 | 17-11-2023 |
|---|---|
| सूर्यास्त 5:50 बजे | सूर्योदय 6:19 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 65,675.93 | 19,675.45 |
| (+742.06) | (+231.90) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,240 रु. | 71,700 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# ताकत ही वैश्विक व्यवस्था और शांति को परिभाषित करती है : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




नई दिल्ली 15 नवंबर (वार्ता) उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार कहा कि ताकत ही वैश्विक व्यवस्था तथा शांति को परिभाषित करती है और कमजोर स्थिति में रहकर न तो कोई शांति की बात कर सकता है और न ही शांति स्थापित कर सकता है।

धनखड़ ने बुधवार को यहां नौसेना द्वारा आयोजित हिन्द-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद 2023 में मुख्य भाषण देते हुए कहा कि आज का भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत को संजोते और उसका पालन करते हुए संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी सोच तथा भावना पर आधारित विश्व व्यवस्था का पक्षधर है। उन्होंने कहा कि इस आदर्श स्थिति को अमलीजामा तभी पहनाया जा सकता है, जब आप इसके लिए मजबूत और सक्षम होते हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य चाणक्य तथा महान वैश्विक विभूति स्वामी विवेकानंद ने भी इसका संकेत देते हुए कहा था , आपकी ताकत वैश्विक व्यवस्था को परिभाषित करेगी, आपकी ताकत शांति को परिभाषित करेगी।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत एक अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। भारत को वैश्विक स्तर पर शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण और रचनात्मक भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा, आप शांति स्थापित नहीं कर सकते, आप शांति के लिए बातचीत नहीं कर सकते, आप कमजोरी की स्थिति से शांति की आकांक्षा नहीं कर सकते। आपको मजबूत होना होगा और आपको सभी बुनियादी तथ्यों पर मजबूत होना होगा। वर्तमान परिदृश्य में भारत इसके लिए बिल्कुल उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत खुले, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण नियम-आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्र का पक्षधर है। भारत का मानना है कि वाणिज्यिक गतिविधियां और आवागमन अंतरराष्ट्रीय कानूनों तथा समझौतों के अनुसार होना चाहिए।

स्वतंत्र नौवहन और हवाई मार्ग का आह्वान करते हुए धनखड़ ने कहा, हम न्यायसंगत वैश्विक नियामक व्यवस्था चाहते हैं, जो समुद्री संसाधनों और समुद्र तल के स्थायी तथा न्यायसंगत दोहन पर अधिकार का सम्मान करती हो।

### बाबर आजम ने छोड़ी पाकिस्तान की कप्तानी

**कराची/भाषा।** पाकिस्तान के विश्व कप से बाहर होने के चार दिन बाद बाबर आजम ने बुधवार को सभी प्रारूपों के कप्तान पद से त्यागपत्र दे दिया। पाकिस्तान ने मौजूदा विश्व कप के नौ मैच में से पांच मैच गंवाए थे और आखिर में वह पांचवें स्थान पर रहा था। उसे अफगानिस्तान से भी हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद बाबर को कप्तान पद से हटाने की मांग की जा रही थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की प्रबंध समिति के प्रमुख जका अशरफ ने उन्हें टीम के प्रदर्शन पर चर्चा करने के लिए बुलाया था। बाबर ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने एक्स पर लिखा, ''आज मैं सभी प्रारूपों से पाकिस्तान के कप्तान का पद छोड़ रहा हूं। यह मुश्किल फैसला है लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा करने का यह सही समय है। बाबर की टीम चयन को लेकर कड़ी आलोचना होती रही। उन पर अपने पसंदीदा क्रिकेटरों का गुट बनाने का आरोप भी लगा।





## दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस में आग, बाल बाल बचे यात्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इटावा/वार्ता।** दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर इटावा जिले के सराय भूपत रेलवे स्टेशन पर नई दिल्ली से दरभंगा जा रही 02570 स्पेशल ट्रेन की तीन बोगियों में बुधवार शाम आग लग गयी। आग से कोई जनहानि नहीं हुयी है हालांकि यात्रियों का सामान बुरी तरह जल गया है।

रेलवे के सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली से दरभंगा जा रही क्लोन एक्सप्रेस की एस-1 बोगी में धुआं उठता देख चालक ने ट्रेन को इटावा जंक्शन रेलवे स्टेशन से दस किमी पहले सराय भूपत रेलवे स्टेशन पर शाम करीब साढ़े पांच बजे रोक दिया।

ट्रेन के रूकते ही हड़बड़ाये रेल यात्रियों ने ट्रेन की बोगी से कूदना शुरु कर दिया जिससे करीब कुछ यात्री मामूली रूप से घायल हो गये।

### विराट, अय्यर की शतकीय पारी के बाद शमी के सत्ते से

# भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रनों हराकर फाइनल में किया प्रवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुम्बई/वार्ता।** विराट कोहली और श्रेयस अय्यर की धुआंधार शतकीय पारी के बाद शमी के सात विकेटों की बदौलत भारत ने बुधवार को आईसीसी विश्वकप के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 70 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत का 19 नवंबर को फाइनल में कल होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से मुकाबला होगा।

398 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। शमी ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए न्यूजीलैंड की डेवेन कॉन्वे और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी टीम के 39 रनों के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। दोनों ही बल्लेबाजों ने क्रमश: 13-13 बनाये। इसके बाद कप्तान केन विलियमसन 69 रन और डैरिल मिचेल 134 ने न्यूजीलैंड की उम्मीदों को जिंदा रखा। 33वें ओवर की दूसरी गेंद पर शमी ने विलियमसन को सूर्यकुमार के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ते हुए न्यूजीलैंड की उम्मीदों को तीसरा झटका दिया। उसी ओवर में टॉम लेथम शून्य को शमी पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद 43ओवर में ग्लेन फिलिप्स 41 रन को बुमराह ने जडेजा के हाथों कैच आउट करा दिया। 46ओवर में शमी ने डैरिल मिचेल 134 रन को जडेजा के हाथों कैच कराकर न्यूजीलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

# अधिकारियों की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी है कानून व्यवस्था बनाये रखना : बिरला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश में कानून व्यवस्था बनाये रखना अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बिरला ने सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के 75वें बैच के लिए संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा संसदीय पद्धतियों और प्रक्रियाओं के बारे में आयोजित परिबोधन पाठ्यक्रम का आज संसद परिसर में उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कहा कि प्रतिष्ठित भारतीय पुलिस सेवा के लिए चुना जाना उनकी लगन, बुद्धिमत्ता और निष्ठा का प्रमाण है, क्योंकि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में सफल होने वाले उम्मीदवारों को विश्व स्तर पर अपने संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट माना जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के रूप में उन्हें कानून और न्याय व्यवस्था, जो एक निष्पक्ष और उन्नत समाज तथा एक विकसित लोकतंत्र की आधारशिला है, को बनाए रखते हुए राष्ट्र के प्रति योगदान करने का उत्कृष्ट अवसर मिला है।

## दो आतंकवादियों को मार गिराया, घुसपैठ की कोशिश नाकाम



**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों ने बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सतर्क जवानों ने एलओसी के पास कुछ हलचल देखी और सुरक्षा बलों द्वारा घुसपैठियों को चुनौती देने पर दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि अब तक सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक अभियान जारी था। सुरक्षा बलों ने 26 अक्टूबर को कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया था और 22 अक्टूबर को बारामूला जिले के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश के दौरान दो आतंकवादी मारे गए थे।

## म्यांमार से भागकर दो और जवान मिजोरम पहुंचे

**आईजोल/भाषा।** म्यांमार के चिन राज्य में मिलिशिया समूह 'पीपुल्स डिफेंस फोर्स' (पीडीएफ) द्वारा एक सैन्य शिविर पर कब्जा करने के बाद दो और जवान भागकर मिजोरम पहुंचे। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि म्यांमार के दो सैनिक मिजोरम में दाखिल हुए और मंगलवार शाम को जोखावथर पुलिस थाने पहुंचे। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, केंद्र के निर्देश के अनुसार जवानों को असम राइफल्स को सौंप दिया गया और उन सभी को भारतीय रक्षा अधिकारियों ने हवाई मार्ग से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक म्यांमार के कुल 45 जवान भागकर मिजोरम आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले म्यांमार के 39 जवान मिजोरम में दाखिल हुए और सोमवार शाम को पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले के सीमावर्ती गांव जोखावथर के निकटतम पुलिस थाने में पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि 39 जवानों को असम राइफल्स ने मंगलवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और बाकी अन्य छह जवानों को बुधवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। राज्य गृह विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि म्यांमार के जवानों को चम्फाई जिले से मणिपुर के सीमावर्ती शहर मोरेह तक हवाई मार्ग से ले जाया गया, जहां से उन्हें मोरेह के निकटतम म्यांमार शहर तमू भेजा गया।


## दु:खद निधन / सम्मिलित उठावणा



उम्र
60 वर्ष

स्वर्गवास
15.11.2023

### श्री ज्ञानचंद भंडारी

सुपुत्र: श्रीमती सरदारबाई - स्व. श्री कुंदनमलजी भंडारी
कंवरसाहब: स्व.श्रीमती सितादेवी - स्व.श्री पारसमलजी कटारिया

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करते है कि हमारे अनुज भ्राता / पिताजी श्री ज्ञानचंदजी भंडारी का स्वर्गवास दिनांक 15.11.2023 बुधवार सुबह हृदय गति रुक जाने से हो गया।
विधि के विधान के आगे हम सभी नतमस्तक हैं।

सम्मिलित उठावणा : दिनांक 16.11.2023 गुरुवार प्रात: 11 बजे
स्थल : गणेशबाग, इनफेन्ट्री रोड़, बेंगलोर

-: निवास स्थान :-
# 512, RMV 2nd Stage, Dollars Colony, Near Indira Canteen, Bangalore - 94. Mob.: 98450 22922, 99860 42429

शोकाकुल: प्रसन्नचंद, शान्तिलाल, बालचंद, पंकज, निकेश, आशिष, महासेन, साकेत, प्रत्यक्ष, अनुष, दक्ष, आर्यश एवं समस्त भंडारी परिवार, (मरुधर में कुचेरा)

Firm : GYAN TRADING CORPRATION
BANGALORE

ससुराल पक्ष: इन्दरचंदजी, कल्याणचंदजी, तोलाचंदजी, उत्तमचंदजी, नवरतनमलजी, चन्द्रप्रकाशजी, संदीपजी, सिद्धार्थजी, विधानजी एवं समस्त कटारिया परिवार, (मरुधर में रूण) बेंगलोर, चैन्नई, हैदराबाद, मो.: 98843 29277, 98861 25106

बैठक : दिनांक 16.11.2023 से 19.11.2023 सुबह से रात्रि तक डॉलर्स कॉलोनी निवास स्थान पर


## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### चुनावी परिंदे

बड़े ही जोर से चहके,
सुरों से मन लुभावी हैं।
उड़ानें भर रहे जो भी,
समझना सब दिखावी हैं।
कभी मंदिर में चिंचियाते,
कभी मस्जिद में हावी हैं।
उड़ेंगे वोट दानें चुग,
परिंदे ये चुनावी हैं।।

# जापान, जर्मनी को पछाड़ 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा भारत : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भरोसा जताया है कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सीतारमण ने बुधवार को 'हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद' को संबोधित करते कहा कि वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद इस साल भारत की आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत से थोड़ा कम रहने का अनुमान है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है।

सीतारमण नें कहा कि हिंद-प्रशांत को प्रभावित करने वाले समकालीन संघर्ष जैसे यूक्रेन युद्ध, इजराइल या यमन संकट और दक्षिण तथा पूर्व चीन सागर में जारी तनाव के कारण आपूर्ति-श्रृंखला में व्यवधान तथा आर्थिक अस्थिरता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के अनुमान के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है।



# बीएसएफ के 804 हैड कांस्टेबल की दीक्षांत परेड हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सीमा सुरक्षा बल के तहत प्रशिक्षण केंद्र में रेडियो ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित 804 हेड कांस्टेबलों की दीक्षांत परेड हुई। यलहंका के बागलूरु गेट के पास स्थित बीएसएफ प्रशिक्षण केन्द्र (एलटीसी) के आईजी जॉर्ज मंजूरन ने प्रशिक्षुओं से अभिनंदन प्राप्त किया और शपथ दिलाई।

इस अवसर पर आईजी जॉर्ज मंजूरन ने कहा कि इस केंद्र में हेड कांस्टेबलों को विभिन्न विषयों में रेडियो संचालन पर 22 सप्ताह का कठोर प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि संचार केंद्र में अगले 40 सप्ताह के प्रशिक्षण के बाद, इन सभी मुख्य कांस्टेबलों को बीएसएफ रेडियो ऑपरेटिंग विभाग में सेवा करने के लिए नियुक्त किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रथम, द्वितीय एवं इनडोर, आउटडोर, फायरिंग एवं ड्रिल श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत किया गया एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये। मुख्य कमांडेंट विपीन विलास नायक, सहायक कमांडेंट रजनीकांत सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।





# स्वच्छता पखवाड़ा 2023 : दक्षिण पश्चिम रेलवे ने हासिल किया पहला स्थान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) ने स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के दौरान प्रदर्शन में पहला स्थान हासिल किया है। उसने रोजाना की रिपोर्टों के मूल्यांकन के आधार पर यह उपलब्धि पाई और उसे सभी क्षेत्रीय रेलवे के बीच सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। उत्तर पूर्व रेलवे और दक्षिण मध्य रेलवे ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। बता दें कि रेलवे बोर्ड द्वारा 15 सितंबर को रेल भवन, नई दिल्ली में स्वच्छता शपथ दिलाकर स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया था। उस दौरान पूरे रेलवे परिवार को स्वच्छता शपथ दिलाई गई, जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े रेलवे जोन और डिवीजनों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेलवे के कर्मचारी भी शामिल हुए थे।

भारत सरकार द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम, स्वच्छता गतिविधियों में नागरिकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने और स्वच्छ भारत को नागरिक आंदोलन में बदलने के लिए मनाया जाने वाला पखवाड़ा अभियान था। इसके तहत रेल मंत्रालय ने 16 सितंबर से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया था। रेल मंत्रालय ने इसे 2 अक्टूबर तक बढ़ाया और महात्मा गांधी की जयंती के साथ इसका समापन किया था।

केएसआर बेंगलूरु रेलवे स्टेशन पर 16 सितंबर को अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर महाप्रबंधक संजीव किशोर ने दक्षिण पश्चिम रेलवे द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया था।

इस पूरी अवधि में दपरे के सभी विभागों ने स्टेशनों और अन्य परिसरों में स्वच्छता गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लिया था। रेलवे ने स्टेशनों और निकटवर्ती परिसरों में जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए 915 कार्यक्रमों का आयोजन किया, 23,744 प्रतिभागियों ने स्वच्छता शपथ ली, 252 पौधे लगाए गए, 17 टन प्लास्टिक हटाया, 22 टन अपशिष्ट एकत्रित किया और 1,053 किमी लंबे ट्रैक की सफाई की।

दपरे महाप्रबंधक संजीव किशोर ने स्वच्छता पखवाड़े में सक्रिय भागीदारी के लिए सबको बधाई दी है।

# बस चालक की हत्या के विरोध में हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी हड़ताल पर गए

**अंबाला/कुरुक्षेत्र/भाषा।** हरियाणा के अंबाला जिले में एक बस चालक की हत्या में शामिल लोगों की गिरफ्तारी और मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर बुधवार को हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने मंगलवार आधी रात से ही काम बंद कर दिया था। यात्री रोडवेज बसों के लिए बस स्टैंड पर इंतजार करते रहे और उन्हें निजी संचालकों की बसों पर निर्भर रहना पड़ा।



रोडवेज के कर्मचारियों ने यमुनानगर, चरखी दादरी, करनाल, सोनीपत, सिरसा, हिसार और नारनौल सहित कई बस अड्डों पर 'धरना' दिया और नारे लगाए। पुलिस ने कहा था कि 12 और 13 नवंबर की मध्यरात्रि को अंबाला में अज्ञात लोगों द्वारा हमला किए जाने के बाद हरियाणा रोडवेज के बस चालक राजवीर (51) की मौत हो गई। सोनीपत निवासी राजवीर अंबाला छावनी बस स्टैंड पर कार्यरत थे। पुलिस ने बताया कि हमले के बाद राजवीर को गंभीर हालत में अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल लाया गया और बाद में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की रात, जब राजवीर पार्किंग ड्यूटी पर थे तब कार सवार चार से पांच लोगों की उनके साथ बहस हो गई, जिसके बाद उन्होंने राजवीर पर हमला कर दिया।

## बैठक



बेंगलूरु में बुधवार को मुख्यमंत्री गृह कार्यालय 'कृष्णा' में इंदिरा कैंटीन और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से जुड़े मुद्दों पर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, शहरी विकास मंत्री बैराती सुरेश, नगर प्रशासन मंत्री रहीम खान, मुख्यमंत्री के सचिव नसीर अहमद और गोविन्दराजू सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# जनता दल (एस) के दो पूर्व विधायक कांग्रेस में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में जनता दल (एस) के विधायक आर मंजूनाथ और डी सी गौरीशंकर बुधवार को अपने समर्थकों के साथ सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हो गए। डी सी गौरीशंकर तुमकुरु ग्रामीण से विधायक थे और मंजूनाथ ने शहर की दशरहल्ली सीट का प्रतिनिधित्व किया था। बेंगलुरु के बोम्मनहल्ली से जद (एस) के वरिष्ठ नेता टी आर प्रसाद भी कांग्रेस में शामिल हो गए।

बुधवार को कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने जद (एस) के इन नेताओं और समर्थकों का पार्टी में स्वागत किया।

सिद्दरामैया ने कहा कि जद (एस) के 'सांप्रदायिक' होने के बाद इन नेताओं ने कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया।

# भारत को शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए सालाना एक अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करना चाहिए : नारायण मूर्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सॉफ्टवेयर की दुनिया के दिग्गज एन आर नारायण मूर्ति ने स्कूली शिक्षकों को भारत और विकसित दुनिया के 10,000 सेवानिवृत्त उच्च निपुण शिक्षकों से एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) विषयों में प्रशिक्षण दिलाने के लिए बुधवार को प्रति वर्ष एक अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करने का आह्वान किया।

मूर्ति ने कहा, ''हमें अपने शिक्षकों और अनुसंधानकर्ताओं को बहुत सम्मान देने के साथ ही बेहतर वेतन देना चाहिए। हमें अपने अनुसंधानकर्ताओं को बेहतर सुविधाएं भी प्रदान करनी चाहिए। हमें उनका सम्मान करना चाहिए। वे हमारे युवाओं के लिए आदर्श हैं। इसीलिए हमने 2009 में इंफोसिस पुरस्कार की स्थापना की। यह भारत में अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में हमारा छोटा सा योगदान है।'' उन्होंने कहा कि एनईपी (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) के परिणाम में तेजी लाने का एक संभावित तरीका देश के 28 राज्यों और आठ केंद्र-शासित प्रदेशों में 2,500 'ट्रेन द टीचर'' कॉलेज के निर्माण के लिए भारत और विकसित दुनिया में एसटीईएम क्षेत्रों में निपुण 10,000 सेवानिवृत्त शिक्षकों को आमंत्रित करना है। बेंगलूरु में एक संवाददाता सम्मेलन में इंफोसिस के संस्थापक मूर्ति ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सालभर का होना चाहिए। कार्यक्रम में इंफोसिस साइंस फाउंडेशन ने छह श्रेणियों में इंफोसिस पुरस्कार-2023 की घोषणा की।

मूर्ति ने कहा, विशेषज्ञ मुझे बताते हैं कि चार प्रशिक्षकों का प्रत्येक समूह एक वर्ष में प्राथमिक विद्यालयों के 100 शिक्षकों और माध्यमिक विद्यालय के 100 शिक्षकों को प्रशिक्षित कर सकता है। हम इस पद्धति से हर साल प्राथमिक विद्यालय के 2,50,000 शिक्षकों और माध्यमिक विद्यालय के 250,000 शिक्षकों को प्रशिक्षित करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि ये प्रशिक्षित भारतीय शिक्षक पांच साल की अवधि में खुद प्रशिक्षक बन सकते हैं।

मूर्ति ने कहा, हमें प्रत्येक सेवानिवृत्त शिक्षक को प्रति वर्ष लगभग 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना चाहिए। इस 20 वर्षीय कार्यक्रम पर प्रति वर्ष एक अरब अमेरिकी डॉलर और 20 वर्षों के लिए 20 अरब अमेरिकी डॉलर का खर्च आएगा। जल्द ही 50 खरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखने वाले हमारे देश के लिए यह कोई बड़ा वित्तीय बोझ नहीं होगा।

इंफोसिस संस्थापक ने कहा कि अगर आपको लगता है कि यह महंगा है, तो आपको हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष डेरेक बोक के शब्द याद करने चाहिए, जिन्होंने कहा था, अगर आपको लगता है कि शिक्षा महंगी है, तो इसे नजरअंदाज करने का प्रयास करें।

# अभिनेता दर्शन के कुत्तों ने पड़ोसी महिला को काटा, थाने में हुए पेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा उनके कुत्तों द्वारा उनकी एक पड़ोसी महिला को काटने के मामले में समन मिलने के बाद बुधवार को राजराजेश्वरी नगर पुलिस के सामने पेश हुए।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस मामले में शिकायतकर्ता महिला अमिता जिंदल ने आरोप लगाया था कि जब वह अभिनेता दर्शन के आवास के बगल में एक खाली भूखंड पर अपनी कार पार्क कर रही थीं तो उनके कुछ कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया था। पेशे से वकील अमिता का कहना है कि उन पर हमला करने के लिए अभिनेता के कुछ कुत्तों को खुला छोड़ा गया था।

अमिता के अनुसार दर्शन के आवास पर देखभाल करने वालों ने कार को पार्क करने पर आपत्ति जताई और अभिनेता के घर में तीन कुत्ते थे जिनमें से एक को खुला छोड़ दिया गया था।

अमिता का आरोप है कि जैसे ही देखभाल करने वालों के साथ उनकी बहस शुरू हुई, दो कुत्ते उन पर झपट पड़े और उन्हें काट लिया। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में अभिनेता दर्शन से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया।

# एक परिवार ही के चार लोगों की हत्या मामले में संदिग्ध से पूछताछ जारी : उडुप्पी पुलिस अधीक्षक

मंगलूरु। कर्नाटक के उडुप्पी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के अरुण ने बुधवार को कहा कि जिले में एक परिवार के चार सदस्यों की हत्या के मुख्य संदिग्ध से पुलिस टीम पूछताछ कर रही है और शाम तक मामले में खुलासा हो सकता है। एसपी ने उडुप्पी में संवाददाताओं से कहा, ''तकनीकी सबूतों और खुफिया जानकारी के आधार पर संदिग्ध प्रवीण चौगले को हिरासत में ले लिया गया है। वह फिलहाल पुलिस की हिरासत में है। हम कई संदिग्धों से पूछताछ कर रहे हैं।''

उन्होंने बताया कि मामले की कई पहलुओं से जांच की जा रही है और सभी संदिग्धों से पूछताछ के बाद ही शाम तक मामले में स्पष्ट तस्वीर सामने आ सकेगी। एहतियात के तौर पर जिले भर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसपी, उप पुलिस अधीक्षक कार्यालयों और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। चौगले को पहले उडुपी पुलिस बेलगावी से लेकर आई थी। उडुपी और बेलगावि पुलिस के संयुक्त अभियान में मंगलवार को उसे बेलगावी के रायबाग तालुक के कुडची से गिरफ्तार किया गया था।

# कर्नाटक में भाजपा विधायक दल की बैठक 17 को, सदन में नेता प्रतिपक्ष का चुनाव संभव : विजयेंद्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष बी.वाई.विजयेंद्रा ने बुधवार को कहा कि पार्टी विधायक दल की बैठक 17 नवंबर को होगी और इस दौरान विधायक दल का नेता चुने जाने की संभावना है। इससे पहले दिन में विजयेंद्र ने औपचारिक रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला।

विजयेंद्र ने एक सवाल के जवाब में कहा, विधायक दल की बैठक शुक्रवार शाम छह बजे प्रस्तावित है। जानकारी के मुताबिक, दो केंद्रीय पर्यवेक्षक आएंगे। हमें कल पता चलेगा कि कौन (पर्यवेक्षक) आ रहा है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में सभी विधायकों की राय के आधार पर उसी दिन नेता प्रतिपक्ष की घोषणा होने की संभावना है। राज्य में प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने अभी तक अपने विधायक दल के नेता की नियुक्ति नहीं की है, जो विधानसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका भी निभाएंगे। जुलाई में पिछला विधानसभा सत्र विपक्ष के नेता के बिना आयोजित किया गया था। इस साल मई में हुए 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भारी जीत के साथ भाजपा को सत्ता से बाहर कर दिया। कांग्रेस को 135, भाजपा को 66 और जनता दल (एस) को 19 सीटें मिलीं।

# मप्र चुनावः प्रियंका ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को 'गद्दार' करार दिया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री और अपनी पार्टी के पूर्व सहयोगी ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोलते हुए उन्हें 'गद्दार' करार दिया। प्रियंका मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार के प्रचार के लिए एक रैली को संबोधित कर रही थीं, जहां 17 नवंबर को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में महंगाई ने लोगों के सपनों को चकनाचूर कर दिया है।

प्रियंका ने कहा, क्या आप सिंधिया जी को जानते हैं? हमने उत्तर प्रदेश में एक साथ काम किया... हम यूपी के लोग अपनी शिकायत या गुस्सा व्यक्त कर देते हैं... हम सब कुछ बाहर निकाल देते हैं... हमें महाराज बोलने की आदत नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, क्या है कि वो कद में थोड़े छोटे पड़ गए लेकिन अहंकार में तो भई, वाह भई वाह ! उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता उनसे कहते थे कि उन्हें अपना काम कराने के लिए सिंधिया को महाराज बोलना पड़ता है और यह उनकी (कार्यकर्ताओं की) आदत नहीं है। प्रियंका ने सिंधिया पर कटाक्ष करते हुए कहा, उन्होंने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। विश्वासघात तो बहुतों ने किया है लेकिन इन्होंने ग्वालियर और चंबल की जनता के साथ विश्वासघात किया है।

# किसकी निगरानी में बाबरी मस्जिद ढहाई गई : मुख्यमंत्री राव ने कांग्रेस पर हमला बोला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** कांग्रेस पर मुसलमानों को केवल 'वोट बैंक' के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने बुधवार को पूछा कि बाबरी मस्जिद का विध्वंस किसकी निगरानी में हुआ था।

निजामाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' वाली टिप्पणी का परोक्ष संदर्भ देते हुए यह बात कही। अगर कोई धर्मनिरपेक्ष है, तो यह उसके काम में प्रतिबिंबित भी होना चाहिए। बीआरएस प्रमुख ने दावा किया, हम (बीआरएस) धर्म और समुदाय की परवाह किए बिना सभी के साथ समान व्यवहार करते हैं। कांग्रेस ने आपको (मुसलमानों को) केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। आज भी, कांग्रेस नाटक करती है। वे कहते हैं कि हम 'नफरत की दुकान' बंद कर देंगे। मैं पूछ रहा हूं कि बाबरी मस्जिद का विध्वंस किसकी निगरानी में हुआ? इसे किसने करवाया? इसे समझने की जरूरत है। तेलंगाना के गठन से पहले अविभाजित आंध्र प्रदेश में कांग्रेस शासन के अल्पसंख्यकों के कल्याण पर केवल 2,000 करोड़ रुपए खर्च किए थे, जबकि बीआरएस सरकार ने इस पर 12,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

# हरियाणाः रोहतक में पिता ने चार बच्चों को दिया जहर, तीन की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के रोहतक जिले में एक व्यक्ति ने अपने चार बच्चों को जहर दे दिया जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार को सुनील कुमार नामक एक व्यक्ति ने काबुलपुर गांव में स्थित घर पर अपने चार बच्चों को कथित तौर पर जहर दे दिया। घटना के समय सुनील की पत्नी घर पर नहीं थी।

पुलिस ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने से दो बहनों (10 साल और सात साल) तथा उनके एक साल के भाई की मौत हो गई जबकि उनकी आठ साल की एक बहन का रोहतक के पीजीआईएमएस में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार बढ़ई का काम करने वाला सुनील कुमार घटना के बाद से फरार है। सुनील की पत्नी की शिकायत पर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।





# विजयेंद्र ने कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

## कर्नाटक में सभी लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने बुधवार को औपचारिक रूप से यहां राज्य पार्टी कार्यालय में अपना कार्यभार संभाल लिया और अगले वर्ष होने वाले संसदीय चुनाव में राज्य की सभी लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया। ताकत और एकता प्रदर्शित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येडीयुरप्पा, बसवराज बोम्मई और डी वी सदानंद गौडा तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता इस दौरान मौजूद थे। येडीयुरप्पा के बेटे तथा विधायक विजयेंद्र (47) को दस नवंबर को इस पद पर नियुक्त किया गया था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वह पार्टी नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए ईमानदारी से काम करेंगे। विजयेंद्र ने कहा, ''मैं पार्टी नेतृत्व और प्रत्येक 'कार्यकर्ता' को आश्वस्त करना चाहता हूं कि पार्टी के लिए ईमानदारी से काम करूंगा। मैंने संसदीय चुनाव में राज्य की सभी 28 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है।' उनके अनुसार, यह लक्ष्य ऐसा है जिसे हासिल किया जा सकता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''जब मेरे पिता येडीयुरप्पा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 25 सीट जीतने का लक्ष्य रखा था तो बहुत से लोगों ने इसका मजाक उड़ाया लेकिन उन्होंने यह कर दिखाया।''



उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ''जब से सिद्दरामैया की सरकार बनी है तब से राज्य में एक भी निवेश नहीं आया।'' विजयेंद्र ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था इतनी खराब है कि विपक्ष के विधायकों को छोड़िए, सरकार कांग्रेस विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में भी विकास कार्य नहीं करा पा रही है। उन्होंने कहा कि इन सबसे ऊपर, सूखे के हालात ने राज्य के किसानों को बुरी तरह से प्रभावित किया है। उन्होंने इस पद पर नियुक्त किए जाने के लिए भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि वह उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तथा प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता की ''सेवा'' के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

विजयेंद्र पहले भी पार्टी की राज्य इकाई के महासचिव तथा उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इससे पहले नलिन कुमार कटील यह जिम्मेदारी संभाल रहे थे। दक्षिण कन्नड़ से तीन बार लोकसभा सदस्य रहे कटील ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया था और पिछले साल उन्हें विस्तार दिया गया था।

विजयेंद्र ने कहा कि उन्हें पहले भी पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर पार्टी संगठन को आगे बढ़ाना, उसे मजबूत करना तथा लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीट जीतना उनके समक्ष मुख्य चुनौतियां होंगी।







## मुलाकात



बुधवार को बेंगलूरु में राजभवन में राज्यपाल थावरचन्द गहलोत से औपचारिक मुलाकात करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विजेन्द्र येडीयुरप्पा। इस मौके पर पूर्व मंत्री गोविन्द्र कारजोल, सांसद पीसी मोहन आदि उपस्थित थे।

## कुमारस्वामी के घर की दीवार पर 'बिजली चोर' के पोस्टर लगाए

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के घर की दीवार पर बिजली चोर' के पोस्टर लगे मिले। एक दिन पहले ही 'बेंगलूरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी' ने उनके खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया था। उनके घर की दीवार पर लगे पोस्टर के वीडियो सोशल मीडिया मंच पर वायरल हो रहे हैं। इसके बारे में जैसे ही पुलिस को जानकारी मिली तो मौके पर पहुंच कर उन्हें हटा दिया गया। कर्नाटक में कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (एस) के राज्य प्रमुख कुमारस्वामी पर आरोप लगाया था कि दीपावली के दौरान उन्होंने जेपी नगर स्थित अपने आवास की सजावटी रोशनी के लिए अवैध तरीके से बिजली के तार जोड़ लिये थे। सत्तारूढ़ दल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर बयान के साथ एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें जद (एस) नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे की आलोचना की गई थी। बिजली वितरण कंपनी की सतर्कता इकाई ने निरीक्षण किया और भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया।



## राज्यपाल ने राज्य स्तरीय विकासशील भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय, राज्य अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, कर्नाटक राज्य जनजातीय अनुसंधान संस्थान, जिला प्रशासन, जिला पंचायत के सहयोग से शहर में आयोजित भगवान श्री बिरसामुंडा जयंती और जनजाति प्रशंसा दिवस-2023 कार्यक्रम में माननीय उपस्थित रहे राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने विकासशील भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 15 नवंबर को बिरसा मुंडा का जन्मदिन पूरे देश में आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य देश और राज्य के इतिहास और संस्कृति के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव को संरक्षित करने में आदिवासी समुदाय के योगदान से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यह दिन सभी आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने और उनके प्रयासों को याद करने और आदिवासी क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए मनाया जाता है।

बिरसा मुंडा की जयंती पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिरसा मुंडा की समाधि से विकसित भारत संकल्प यात्रा का ध्वज फहराकर भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ कर रहे हैं। यह संकल्प यात्रा 25 जनवरी तक देशभर के सभी जिलों से होकर गुजरेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के समग्र विकास के उद्देश्य से 24 हजार करोड़ रुपये की योजना शुरू करेंगे।

साथ ही उन्होंने बताया कि 18 हजार करोड़ रुपये की पीएम-किसान योजना की 15वीं किस्त जारी की जाएगी। कार्यक्रम में मैसूरु के मेयर शिवकुमार, केंद्रीय प्रेस सूचना ब्यूरो के अतिरिक्त निदेशक रवींद्र, केंद्रीय जल शक्ति के निदेशक विनायक भट्ट, टेलीविजन के डीडीजी अनिल कुमार, जिला कलेक्टर राजेंद्र और अन्य उपस्थित थे।

## इंफोसिस साइंस फाउंडेशन ने प्रतिष्ठित 'इंफोसिस प्राइज' विजेताओं के नामों की घोषणा की

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। 'इंफोसिस साइंस फाउंडेशन' ने भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए छह लोगों को प्रतिष्ठित 'इंफोसिस प्राइज' 2023 देने की बुधवार को घोषणा की। विजेता छह श्रेणियों- इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर विज्ञान, मानविकी, जीवन विज्ञान, गणितीय विज्ञान, भौतिक विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में चुने गए हैं। इंजीनियरिंग एंड कम्प्यूटर साइंस: सच्चिदानंद त्रिपाठी, प्रोफेसर, सस्टेनेबल इनर्जी इंजीनियरिंग (एसईई), आईआईटी-कानपुर। इन्हें व्यापक पैमाने पर संवेदी आधारित वायु गुणवत्ता नेटवर्क तथा मोबाइल लैबोरेटरी स्थापित करने के लिए इस पुरस्कार के वास्ते चुना गया है।

ह्यूमैनिटीज (मानविकी) : जाह्नवी फाल्के, संस्थापक निदेशक, साइंस गैलरी बेंगलूरु।

लाइफ साइंस (जीवन विज्ञान) : अरुण कुमार शुक्ला, प्रोफेसर, जैविक विज्ञान एवं बायोइंजीनियरिंग, आईआईटी-कानपुर। इन्हें जी-प्रोटीन युग्मित रिसेप्टर (जीपीसीआर) जीव विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट और दूरगामी योगदान के लिए ये पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। गणितीय विज्ञान (मैथमैटिकल साइंसेज) : भार्गव भट्ट, फ़र्नहोल्ज़ संयुक्त प्रोफेसर, इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड स्टडी एंड प्रिंस्टन यूनिवर्सिटी। इन्हें अंकगणितीय ज्यामिति और क्रमविनिमेय बीजगणित में आधाभूत योगदान के लिए ये पुरस्कार देने की घोषणा की गई। फिजिकल साइंस : मुकुंद थताई, प्रोफेसर, बायोकेमेस्ट्री, बायोफिजिक्स एंड बायोइंफारमेटिक्स, नेशनल सेंटर फॉर बॉयोलॉजिकल साइंस। सोशल साइंजेस : करुणा मंतेना, प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान, कोलंबिया विश्वविद्यालय। इन्हें साम्राज्यवादी शासन के सिद्धांत पर अभूतपूर्व शोध के लिए यह पुरस्कार दिया जाएगा।

प्रत्येक श्रेणी में पुरस्कार के तौर पर एक स्वर्ण पदक, एक प्रशस्ति पत्र और 100,000 अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे। पुरस्कार 13 जनवरी को प्रदान किए जाएंगे।

## भाजपा मुख्यालय को सजाया गया, उमड़ा जनसैलाब



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष विजेन्द्र येडीयुरप्पा ने बुधवार को पार्टी के मुख्यालय 'जगन्नाथ भवन' में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर भवन को फूलों से सजाया गया। जगह जगह पर रंगोली बनाई गई। भवन के ग्राउन्ड फ्लोर में गणेश हवन किया गया। जिसमें विजेन्द्र सहित अनेक नेताओं ने पूर्णाहूति दी। भवन के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं और विजेन्द्र समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। स्थानीय 'टम्पटे' की धुन पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए। केरल का वाद्य यंत्र, बैंड बाजे सभी की धुनों पर कार्यकर्ता नाच रहे थे। लुभावनी ड्रेस में लोक कलाकार सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। 10-10 फीट की बम्बू पर लोककलाकार लोगों को लुभा रहे थे।

अपार जनसागर के बीच जब पदभार ग्रहण करने के बाद जब विजेन्द्र भवन के बाहर आए तो एक विशाल क्रेन पर सेब (एप्पल) और फूलों की एक विशाल माला को पहनाकर उनका स्वागत किया गया फूलों की कमल की पगड़ी पहनाई गई।


भा रा रा प्रा NHAI

### भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय)
जी-5 एवं 6, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075

**30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम**
(सेबी के परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/डीडीएचएस_डिव1/पी/सीआईआर/2022/0000000103 दिनांक 29 जुलाई 2022 के अनुसार)

(रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | 30 सितम्बर, 2023 | 30 सितम्बर, 2022 | 31 मार्च, 2023 |
| | | अंनकेक्षित | अंनकेक्षित | अंनकेक्षित |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण एवं अथवा विशिष्ट मदों से पूर्व) | (191.60) | (162.81) | (715.95) |
| 3. | अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण एवं अथवा विशिष्ट मदों के बाद) | (201.29) | (189.89) | (769.63) |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात् शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण एवं अथवा विशिष्ट मदों के बाद) | (201.29) | (189.89) | (769.63) |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय के बाद (कर पश्चात)* | (201.29) | (189.89) | (769.63) |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (शेरधारक का कोष)*** | 6,25,346.18 | 4,20,285.39 | 4,95,321.32 |
| 7. | अधिशेष (पुनर्मूल्यांकन आरिक्षत छोड़कर) | – | – | – |
| 8. | प्रतिभूतियों प्रीमियम लेखा | – | – | – |
| 9. | नेटवर्थ (6-7) | 6,25,346.18 | 4,20,285.39 | 4,95,321.32 |
| 10. | प्रदत्त ऋण पूंजी/बकाया ऋण | 3,40,429.40 | 3,44,529.08 | 3,43,114.24 |
| 11. | बकाया प्रतिदेय अधिमान्य शेयर्स | – | – | – |
| 12. | ऋण इक्विटी अनुपात** | 0.54 | 0.82 | 0.69 |
| 13. | प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक रु. ......../– का) (निरंतरता एवं गैर-निरंतरता प्रचालनों हेतु) 1. बेसिक 2. डाल्यूटेड | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |
| 14. | पूंजी विमोचन संचित कोष | – | – | – |
| 15. | डिबेंचर विमोचन संचित कोष | – | – | – |
| 16. | ऋण सेवा कवरेज अनुपात | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |
| 17. | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |

* प्राधिकरण की लेखा नीति के अनुसार निवल व्ययों को पूंजीकृत किया गया है।
**ऋण इक्विटी अनुपात = बकाया ऋण/शेयरधारकों की निधि***
***प्राधिकरण भारत सरकार की ओर से सम्पत्ति धारण करता है, इसलिए परिचालनों से कोई आय नहीं है।
****शेरयधारक की निधि = पूंजी आधार, उप कर निधि, अतिरिक्त बजटीय समर्थन, टोल प्लाजाओं के रखरखाव व्यय तथा रिज़र्व और अधिशेष/लाभ एवं हानि खाते के बकाया ऋण के पश्चात् जमा टोल की वापसी के बाद की कुल राशि।
क) उपरोक्त एलओडीआर विनियम 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप के सारांश है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानि (www.bseindia.com तथा www.nse.india.com) पर तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का वेबसाइट (www.nhai.gov.in) पर उपलब्ध है।
ख) एलओडीआर विनियम 52(4) में संदर्भित अन्य लाइन मदों के लिए प्रासंगिक प्रकटन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में किए गए है और वेबसाइट (www.bseinida.com तथा www.nse.india.com) पर देखे जा सकते हैं।

प्राधिकरण के बोर्ड के लिए एवं की ओर से

दिनांक : 14.11.2023
स्थानः नई दिल्ली

ह./–
सदस्य (वित्त)

ह./–
अध्यक्ष



सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी



# जहां जहां कांग्रेस आती है वहां आतंकी, दबंग और दंगाइयों के हौसले क्यों बढ़ते हैं ? : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाया कि जहां-जहां कांग्रेस आती है वहां आतंकी, दबंग और दंगाइयों के हौसले क्यों बढ़ते हैं । मोदी ने प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह चुनाव केवल विधायक व मंत्री चुनने के लिए नहीं बल्कि राज्य में कानून व्यवस्था की वापसी के लिए है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होना है। मोदी बाड़मेर के बायतू में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'राजस्थान में आतंकवाद समर्थक ऐसे नारे लग रहे हैं जिसकी किसी ने कभी कल्पना तक नहीं की थी। आप सोचिए जहां-जहां कांग्रेस आती है वहां आतंकी, दबंग और दंगाई ... इनके हौसले क्यों बढ़ते हैं? इसका जवाब हैकांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस राजस्थान को उस दिशा में ले जा रही है जहां राजस्थान की संस्कृति ही, परम्परा ही खतरे में पड़ जाएगी। राजस्थान की संस्कृति की रक्षा के लिए राजस्थान में भाजपा जरूरी है।'


मोदी ने कहा, 'जब मुख्यमंत्री अपने पूरे कार्यकाल में सिर्फ एक ही काम करते रहे... कुर्सी कैसे बचे। पांच साल वो कुर्सी बचने में लगे रहे। जब दिल्ली दरबार राजस्थान में अपने ही नेता की कुर्सी गिराने में जुटा रहेगा तो गली-गली गांव-गांव में ऐसी ही अराजकता फैलेगी जैसी राजस्थान में फैल रही है।' पेपल लीक प्रकरण को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने राजस्थान के नौजवानों को पूरी तरह से पेपर लीक माफिया के हवाले छोड़ दिया। राजस्थान में परीक्षा हो और पेपर लीक न हो, ये असंभव सा हो गया।

पेपर लीक माफिया के तार सीधे सीधे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से ज़ुड़े हैं।' भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए मोदी ने कहा, 'ये चुनाव सिर्फ विधायक या मंत्री बनाने के लिए नहीं है ये चुनाव राजस्थान में कानून व्यवस्था की की वापसी के लिए है। भाजपा सरकार की वापसी के लिए है।' बीते दस साल में केंद्र में जितनी भी योजनाएं बनाई हैं उनमें नारी सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बायतू (बाड़मेर) में भाजपा की विजय संकल्प जनसभा में कहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बायतू (बाड़मेर) में भाजपा की विजय संकल्प जनसभा में कहा कि राजस्थान को कांग्रेस ने महिलाओं के प्रति अत्याचार में सबसे आगे ला दिया है, माताओं-बहनों का घर से निकलना भी मुश्किल है, मासूम बच्चियां भी सुरक्षित नहीं हैं।

# करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत कुन्नर का दिल्ली में निधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के गंगानगर जिले के करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत सिंह कुन्नर का दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उपचार के दौरान निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, कुन्नर (75) को एम्स के जेरिएट्रिक मेडिसिन वार्ड में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के प्रमाण पत्र के मुताबिक, कुन्नर का निधन सेप्टिक शॉक और गुर्दे की बीमारी के कारण हुआ। वह उच्च रक्तचाप से भी पीड़ित थे और उन्हें 12 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

कुन्नर राजस्थान की करणपुर सीट से कांग्रेस के विधायक थे। पार्टी ने इस विधानसभा चुनाव में भी उन्हें उम्मीदवार बनाया था। राज्य में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्हें 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए 25 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए भाजपा नेता सुरेंद्र पाल सिंह के खिलाफ करणपुर सीट से पार्टी ने मैदान में उतारा था।

निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 52 का हवाला देते बताया कि यदि किसी मान्यता प्राप्त राज्य या राष्ट्रीय पार्टी द्वारा मैदान में उतारे गए उम्मीदवार की मतदान से पहले मृत्यु हो जाती है तो निर्वाचन अधिकारी उस सीट पर मतदान स्थगित कर देता है और नई तारीख की घोषणा बाद में की जाती है । अधिनियम की धारा 52 (2) के अनुसार ऐसे में निर्वाचन आयोग मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, जिसके उम्मीदवार की मृत्यु हो गई है, से दूसरे उम्मीदवार को नामांकित करने के लिए कहता है।

राजस्थान में चुनाव आयोग कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि उम्मीदवार के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया जाएगा। चुनाव आयोग द्वारा मतदान की नई तारीख अधिसूचित की जाएगी।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कुन्नर के निधन पर शोक जताते हुए इसे पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, करणपुर से विधायक एवं पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन की सूचना से मुझे बेहद दुख हुआ है। कुन्नर लंबे समय तक, अस्वस्थ होते हुए भी अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए हमेशा प्रयासरत रहते थे।

# गहलोत के पास खुद के घर की गारंटी नहीं, जनता कैसे करेगी झूठी गारंटियों पर यकीन : सीपी जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान की राजनीति में भूचाल लाने वाली लाल डायरी के चार नए पन्ने रिलीज होने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत की स्वीकारोक्ति इस बात को इंगित कर रही है, कि राजस्थान में फिर भाजपा की सरकार बनेगी। लाल डायरी के पन्नों में बेटे वैभव गहलोत ने ही सरकार के अधिकारियों की लूट और मिलिभगत के आरोप लगाए और कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार रिपीट नहीं होगी उसका बड़ा कारण खुद अशोक गहलोत हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि लाल डायरी में वैभव गहलोत ने अपने पिता अशोक गहलोत से यह कहते हुए नाराजगी जाहिर की है, कि पापा इसलिए वापिस सरकार नहीं बना पाते क्योंकि वे अधिकारियों से घिरे रहते हैं, और उन्हे राजनीतिक व्यक्ति बहुत बुरा लगने लगता है। वैभव गहलोत ने इतनी मजबूती से दावा किया है कि मैं लिखकर दे सकता हूं कि सरकार रिपीट नहीं होगी। प्रदेश की जनता इससे अंदाजा लगा सकती है कि कांग्रेस खुद ही अपनी हार मान चुकी है, फिर क्यों प्रदेश की जनता को गारंटियों के नाम पर गुमराह किया जा रहा है।

सीपी जोशी ने कहा कि लाल डायरी में टोडाभीम विधायक पीआर मीना से जुड़े खान आवंटन के मामले का भी जिक्र आया है, जिसमें विधायक पीआर मीणा आईएएस कुंजीलाल मीणा से किसी काम के लिए कहते हैं। कुंजीलाल मीणा ने जब काम करने से मना कर दिया तो विधायक पीआर मीणा सीएम गहलोत से मिलने का समय मांगते हैं। इसके बाद धर्मेन्द्र राठौड़ ने डायरी में लिखा है कि मैने भी पीआर मीणा को बता दिया था कि प्रमुख सचिव कुंजीलाल मीणा आपकी खान के मामले में निगेटिव हैं, और यह बात मैने मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव कुलदीप रांका को फोन पर बता दी है। धर्मेन्द्र राठौड़ ने लाल डायरी में लिखा है कि इस संबंध में मैने सीएम साहब को मैसेज भी कर दिया है। इससे पहले खान मामले में धर्मेन्द्र राठौड़ की आईएएस अधिकारी अरिंदम तोमर पीसीसीएफ वाईल्ड लाईफ से भी फोन पर लंबी बात हो गई। आईएएस तोमर ने कहा कि यदि कुंजीलाल मीणा चाहें तो खान चल सकती है , अन्यथा नहीं चल सकती। डायरी में दूसरा सुझाव यह भी था कि हम सेंचुरी की बाउंड्री को आगे खिसकाने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेज कर मंजूर करवा सकते हैं और यह स्थायी समाधान होगा जिससे अन्य 40-50 खान मालिकों को भी फायदा होगा।

# कांग्रेस वादे नहीं, गांरटी दे रही है : गहलोत

अजमेर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि कांग्रेस वादे नहीं कर रही, गारंटी दे रही है। गहलोत आज अजमेर में कांग्रेस गारंटी यात्रा जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने पांच साल शानदार काम किया। इसलिये हमें वोट मांगने का भी अधिकार है। मुझे पूरा विश्वास है कि राज्य में कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी, तब जनकल्याण की योजनाओं को और मजबूत किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार ने विकास के कामों में कोई कमी नहीं रखी। यही कारण रहा कि आजादी के बाद राजस्थान कांग्रेस सरकार की नीति और योजनाओं की पूरे देश में चर्चा है। विरोधी पार्टियां भी हमारी योजनाओं को अपने घोषणा पत्र में शामिल कर रहे हैं।

उन्होंने कहा हमने जो कहा करके दिखाया, जो वादा किया उसे भी पूरा किया। कामों की कमी नहीं रखी, आज योजनाएं घर घर पहुंच चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात को दोहराया कि राज्य में प्रधानमंत्री आओ या अमित शाहजी। कांग्रेस सरकार की सात गारंटी योजना जनता के लिये है और उन्हें इसका लाभ फिर से कांग्रेस शासन के आते ही मिलेगा।

# हिमाचल की तरह कांग्रेस झूंठी गारंटियों के नाम पर राजस्थान को न बना ले अपना शिकार : ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस की सभी गारंटियों को झूंठा करार देते हुए कहा है कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश की तरह झूंठी गारंटियों के नाम पर राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी लोगों को गुमराह कर रही है जिसे समझने की जरुरत है।

ठाकुर बुधवार को यहां भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की सभी गारंटियां पूरी तरह झूंठ हैं। आज से करीब 11 महीने पहले हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए थे जिसमें कांग्रेस ने राजस्थान की तरह ही गारंटियां दी थी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिमला में प्रेसवार्ता करके कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जो वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं। आपके राजस्थान में 10 दिन में किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करने वादा भी किया था उसका क्या हुआ। बिल्कुल इसी तरह हिमाचल के लोगों को झूठी गारंटियों में गुमराह किया गया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता को समझने की जरूरत है कि वह इस तरह के झूठे प्रलोभन में ना आए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकार बनने से पहले कांग्रेस ने 10 गारंटियां दी थी जिसमें कहा गया था कि प्रदेश की 18 साल से 70 साल उम्र की 22 लाख महिलाएं हैं उनके लिए कैबिनेट की पहली ही बैठक में निर्णय लिया जाएगा कि उनके खाते में 1500 रुपए प्रत्येक महीने डाले जाएंगे। लगभग 12 महीने हो चुके लेकिन अभी तक किसी महिला के खाते में एक रूपया भी नहीं आया। इसके अलावा कांग्रेस ने गारंटी दी थी कि 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी लेकिन मुफ्त बिजली देना तो दूर कांग्रेस सरकार ने वहां बिजली की दरें बढ़ा दी। दूसरी ओर भाजपा ने बिना गारंटी के भी वहां काम किया और जो पहले से ही 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती थी वह चालू रखी।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और हिमाचल चुनाव के प्रभारी भूपेश बघेल ने चुनाव के दौरान वादा किया था कि गाय का गोबर दो रूपये किलो में खरीदा जाएगा, लेकिन वह भी पूरी तरह झूठा निकला जबकि छत्तीसगढ़ का गोबर घोटाला लोगों को ध्यान जरूर है। बघेल ने कहा था कि हिमाचल में बागवानी बड़े स्तर पर की जाती है, कांग्रेस सत्ता में आई तो यहां की फसलों का रेट किसान खुद तय करेगा, हिमाचल में सेब का 5000 करोड़ का व्यापार होता है यहां के लोग झांसे में आ गए जबकि धरातल पर हालात बेहद खराब हैं।

ठाकुर ने कहा कि राजस्थान में अभी तक जो सात गारंटियां दी हैं उनमें अधिकांश वही हैं जो हिमाचल में दी गई थी। किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ करने का वादा खोखला निकला उल्टा यह स्थिति हो गई कि लगभग 20 हजार से ज्यादा किसानों की जमीन नीलाम हो गई दर्जनों किसानों ने आत्महत्या कर ली। राजस्थान में भी गाय का गोबर खरीदने की बात कही गई है जबकि लंपी वायरस के समय सबसे ज्यादा 70 प्रतिशत गौ माता राजस्थान में ही मरी थी जो लोग गाय की सुरक्षा नहीं कर सकते वो गोबर कैसे खरीद सकते हैं।

## स्वागत



जयपुर में बुधवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के भवानी निकेतन आयोजित जनसभा से पूर्व भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी का तिलक लगाकर स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

# कांग्रेस का अभी कोई सीएम चेहरा नहीं, यह फैसला आला कमान का है : जयराम रमेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश अपने एक दिवसीय प्रवास पर भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने पत्रकारो से बात करते हुए राजस्थान विधानसभा चुनावों को लेकर चर्चा करने के साथ भाजपा की सरकार पर जमकर हमला बोला तो भारत जोड़ो यात्रा की जमकर तारीफ की। भाजपा सरकार के पास कोई भी चुनावी मुद्दे नहीं है बल्कि उनके पास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा और केंद्र की एजेंसीज का दुरुपयोग करना है। हम राजस्थान विधानसभा चुनावों में हमारी सरकार के द्वारा 5 साल में क्या कार्य किया गया है और आगामी क्या करेंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने पत्रकारों से बात चीत करते हुए कहा कि राहुल गांधी के के द्वारा देश में भारत जोड़ो यात्रा का प्रारंभ किया। जिसका असर कर्नाटक चुनावो में देखा गया। भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस में एक जुटता पैदा इस यात्रा का असर मध्य प्रदेश ,तेलंगाना छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव के नतीजो में भी देखे जाएंगे। उन्होंने कहा भाजपा की रणनीति के दो हथियार हैं। एक हथियार पीएम नरेंद्र मोदी, ईडी ,सीबीआई, और इनकम टैक्स तो दूसरा ध्रुवीकरण की राजनीति और हमारे पास दो मुद्दे हैं तो मुद्दे एक 5 साल के कार्यकाल में क्या किया और आगामी 5 साल के कार्यकाल में क्या करेंगे। उन्होंने कहा हमारे द्वारा राजस्थान के लोगों को गारंटी योजना दी जा रही है,



जो उनके लिए फायदेमंद है। राजस्थान 5 साल में एक मॉडल के रूप में उभर के आया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ,गुजरात, मध्य प्रदेश में गैस सिलेंडर 1100 से छ1200 का है लेकिन राजस्थान में यह छ500 का है। राजस्थान सरकार ने किसानों को 2 लाख तक का कर्ज माफ किया लेकिन केंद्र सरकार द्वारा इसमें कोई सहयोग नहीं किया गया। उन्होंने कहा यह विधानसभा चुनाव है दो विचारधाराओं का मुकाबला है। मोदी सरकार की जो नीतियां हैं वह राजस्थान के में नहीं है। केंद्र सरकार के द्वारा राजस्थान के पूर्वी क्षेत्र में लाभकारी ईआरसीपी योजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया। वहीं उन्होंने कहा कि राजस्थान के युवाओं के लिए सेना में भर्ती होना एक रोजगार था लेकिन केंद्र सरकार ने अग्नि वीर योजना लागू कर युवाओं के सपनों पर पानी फेरने का काम किया है।

सेवा के अधिकारी और हमारे द्वारा इस योजना का विरोध किया गया था अगर केंद्र में कांग्रेस सरकार आएगी तो इस योजना को बंद करने का काम करेगी। वहीं उन्होंने कहा केंद्र सरकार में महंगाई बेरोजगारी से लोग परेशान हैं।

# भाजपा नेताओं ने हमारे मंत्री के साथ मिलकर 'लाल डायरी' का षड्यंत्र रचा : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को आरोप लगाया कि कथित 'लाल डायरी' का षडयंत्र भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने राजस्थान के एक तत्कालीन मंत्री के साथ मिलकर रचा था। इसके साथ ही गहलोत ने कहा कि उन्हें इसकी चिंता नहीं है बल्कि उनका उद्देश्य राज्य में कांग्रेस की सरकार दोबारा बनवाना है। गहलोत सरकार के मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए गए राजेंद्र गुढ़ा आरोप लगाते हैं कि इस (लाल) डायरी में गहलोत व अन्य नेताओं के 'अवैध लेनदेन' का ब्यौरा दर्ज है। डायरी के कुछ पन्नों की कथित तस्वीर हाल ही में सोशल मीडिया पर आई थी।

इस बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने एक बार फिर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पार्टी के 'वार रूम' में संवाददाताओं से कहा, वैसे तो पता नहीं कि लाल डायरी और काली डायरी कौन सी है, पर मुझे ऐसा लगता है कि यह सब केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अंदर रचे गए षड्यंत्र के तहत हुआ। वहां पर डायरी को 'लाल डायरी' नाम दिया गया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री चार दिन बाद सीकर आने वाले थे। उससे पहले उस व्यक्ति का दुरुपयोग किया गया जो हमारा मंत्री था। उससे बात करके, यह सब भाजपा के नेताओं ने किया, मंत्री (राजेंद्र गुढ़ा) के साथ में।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा, इसलिए अगर लाल डायरी की बात करें, या कहें कि पन्ने आ रहे हैं जा रहे हैं... तो हम लोगों को उसकी चिंता नहीं है। हमारा एक ही उद्देश्य है कि कांग्रेस की सरकार दोबारा बने। हमने अच्छा काम किया है, अच्छा प्रशासन दिया है जिससे हमें यकीन है कि आम जनता हमारे कामों पर ठप्पा लगाएगी।

गहलोत ने मणिपुर के हालात को लेकर भी केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा।

# राजस्थान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक मंगलवार रात को यहां पार्टी के 'वार रूम' में हुई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस बैठक की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा करते हुए लिखा, एक साथ, जीत रहे हैं फिर से। बैठक में कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल, राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह व वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश भी मौजूद थे। गहलोत ने तस्वीर साझा करते हुये लिखा, एक साथ। जीत रहे हैं फिर से। फोटो में ये सभी नेता वार रूम में बैठे नजर आ रहे हैं। वेणुगोपाल मंगलवार की शाम सोनिया गांधी के साथ जयपुर पहुंचे। वेणुगोपाल ने आज संवाददाताओं से कहा कि यह सामान्य बैठक थी। उन्होंने कहा कि यहां ऐसी धारणा बन गई है कि कांग्रेस में एकता नहीं है जबकि कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी के सभी नेता मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। आम धारणा कांग्रेस पार्टी के पक्ष में है।

गहलोत और पायलट द्वारा एक साथ प्रचार नहीं किए जाने संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा, 'थोड़ा इंतजार करें।' उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस राज्य में दोबारा सरकार बनाएगी।



## मोदी ने केंद्रीय योजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की

**खूंटी (झारखंड)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की बुधवार को शुरुआत की। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य उन नागरिकों तक पहुंच बनाना है जो विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के पात्र हैं लेकिन अब तक लाभान्वित नहीं हुए हैं। उन्होंने यात्रा की शुरुआत के अवसर पर विशेष रूप से डिजाइन की गई पांच आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन को खूंटी से हरी झंडी दिखायी। इसी तरह की वैन को देशभर के अन्य जिलों से भी रवाना किया गया, जहां काफी संख्या में जनजातीय आबादी रहती है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में केंद्र के प्रमुख कार्यक्रमों के लाभार्थियों तक पहुंच बनाने का अभियान 25 जनवरी, 2024 को समाप्त होगा। यात्रा के तहत 2.7 लाख ग्राम पंचायतें और 15,000 शहरों को शामिल किया जाएगा जहां इन आईईसी वैन का उपयोग करके जमीनी स्तर की गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

**झारखंड को 50 हजार करोड़ रु की योजनाओं की सौगात मिली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि झारखंड को 50,000 करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात मिली है और यह देश का 100 प्रतिशत रेल विद्युतीकरण वाला पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों ने देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है लेकिन उन्हें उचित मान्यता नहीं मिली। आदिवासियों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश हमेशा आदिवासी योद्धाओं का ऋणी रहेगा। उन्होंने राष्ट्र के विकास के लिए चार स्तंभों– महिलाओं, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग एवं गरीबों के सशक्तीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया।



## परिवारवाद के पोषक रहे हैं लालू : नित्यानंद

**पटना/वार्ता।** केंद्रीय गृह राज्य रिपीट राज्य मंत्री एवं बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष नित्यानंद राय ने आज कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव शुरू से ही यदुवंशियों का भला न कर परिवारवाद के पोषक रहे हैं और इसी को लेकर उनके छोटे पुत्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के पद पर हैं। राय ने बुधवार को यहां चुनिंदा पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि राजद अध्यक्ष यादव ने अपने छोटे पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव को प्रदेश का उपमुख्यमंत्री बनाने के लिए अपनी पगड़ी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष रख दी। राजद अध्यक्ष को अपने परिवार के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब भी राजद अध्यक्ष को मौका मिला है उन्होंने अपने परिवार के लिए ही सर्वस्व न्योछावर किया है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद अध्यक्ष यादव जब एक मामले में जेल जा रहे थे तब उन्हें अपनी पार्टी में कोई भी योग्य नहीं दिखाई पड़ा था। उस समय भी उन्होंने अपनी पत्नी श्रीमती राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठा दिया था जबकि राजद में उस समय कई योग्य नेता मौजूद थे। लेकिन, सच्चाई यही है कि यादव को दूसरे किसी पर तनिक भी भरोसा नहीं है।

## फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने में हो रही देरी को लेकर परिजनों ने विरोध जताया

**उत्तरकाशी/भाषा।** निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग के अंदर पिछले तीन दिनों से फंसे श्रमिकों को बाहर निकाले जाने में हो रही देरी को लेकर बुधवार को उनके परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। मलबे के अंदर ड्रिलिंग कर पाइपों से 'एस्केप टनल' तैयार करने के लिए स्थापित की गई मशीनों के काम न करने पर उसके स्थान पर कोई वैकल्पिक योजना न होने को लेकर प्रदर्शनकारियों ने विरोध किया।

यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन रही सुरंग का एक हिस्सा ढहने से रविवार सुबह से उसमें फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर चलाया जा रहा अभियान का बुधवार को चौथा दिन है। ड्रिलिंग के काम को दोबारा शुरू करने के लिए बचावकर्मी दूसरी मशीनें आने का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले, ताजा भूस्खलन के कारण बचाव अभियान में तब अड़चन आ गई जब 'एस्केप टनल' बनाने के लिए शुरू की गई ड्रिलिंग को रोकना पड़ा। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और उनसे संपर्क बना हुआ है।

# योगी ने पूछा, क्या कांग्रेस के राज में बन सकता था अयोध्या में भव्य राम मंदिर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पन्ना/ अशोकनगर (मध्यप्रदेश) /भाषा।** कांग्रेस पर लोगों की आस्था का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पूछा कि क्या अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर कांग्रेस के राज में भव्य मंदिर बन सकता था।

आदित्यनाथ ने मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों का प्रचार थमने से चंद घंटों पहले पवई और अशोक नगर विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की चुनावी सभाओं में मौजूद लोगों से यह सवाल करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 500 सालों के इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने जा रहा है।

आदित्यनाथ ने सवाल किया, कांग्रेस (सत्ता में) रहती, तो क्या अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो पाता। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के बाद केदारनाथ मंदिर के पुनरुद्धार के साथ ही वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम और उज्जैन में महाकाल लोक के विकास कार्य भाजपा के शासनकाल में किए गए हैं।

मतदाताओं से मुखातिब आदित्यनाथ ने कहा, जब कांग्रेस न तो विकास और गरीब कल्याण के काम कर सकती है, न ही आपकी आस्था का सम्मान कर सकती है, तो कांग्रेस जैसे बोझ को ढोने का क्या मतलब है? उन्होंने विधानसभा की 403 सीटों वाले उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के केवल दो विधायक होने का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि उत्तरप्रदेश जैसा राज्य जब कांग्रेस को इस स्थिति में पहुंचाता है, तो राम मंदिर की समस्या का समाधान होता है।

आदित्यनाथ ने आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद को कांग्रेस की देन करार देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार ने इन समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ये समस्याएं कांग्रेस के वोट बैंक से जुड़ी थीं और इस पार्टी की कमाई का जरिया भी हुआ करती थीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में कथित रूप से खराब कानून–व्यवस्था के कारण होली–दीपावली जैसे त्योहारों पर कर्फ्यू लग जाता था और त्योहारी उल्लास के बजाय दहशत का माहौल रहता था।

## बंगाल में हिंसा की संस्कृति खत्म करने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी : राज्यपाल बोस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने बुधवार को कहा कि दक्षिण 24 परगना जिले के जॉयनगर में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक स्थानीय नेता की हत्या और इस घटना के एक आरोपी की पीट–पीट कर हत्या में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि बंगाल में हिंसा की संस्कृति बंद होनी चाहिए।

राजभवन में एक कार्यक्रम के इतर बोस ने कहा, कानून अपना काम करेगा। हम निश्चित रूप से इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे और राजभवन भी अपना कर्तव्य निभाएगा। हिंसा के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इसके लिए न सिर्फ कानूनी कार्रवाई बल्कि सामाजिक उपायों की भी जरूरत है। उन्होंने कहा, हिंसा बंगाल की राजनीति को प्रभावित कर रही है। हिंसा की यह संस्कृति बंद होनी चाहिए। राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि बंगाल में आगजनी, लूटपाट और हत्याएं आम बात हो गई हैं। हिंसा की मौजूदा संस्कृति को खत्म करने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बोस ने कहा कि राज्य के कुछ हिस्सों में आपराधिक गतिविधियां ज्यादा हैं और हम निश्चित तौर पर पूरी कोशिश करेंगे कि हिंसा की यह संस्कृति खत्म हो। पुलिस ने बताया कि जॉयनगर के बामुंगाची में टीएमसी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सैफुद्दीन लस्कर की सोमवार सुबह उनके घर के पास कुछ बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

## लखनऊ में आज होगा सुब्रत रॉय का अंतिम संस्कार



**लखनऊ/वार्ता।** देश के दिग्गज उद्योग समूह 'सहारा इंडिया परिवार' के मुखिया सुब्रत रॉय सहारा का अंतिम संस्कार गुरुवार को लखनऊ में किया जाएगा। रॉय का मंगलवार देर रात मुंबई के एक अस्पताल में हृदय गति रूकने से निधन हो गया था। संस्थान के सूत्रों के मुताबिक रॉय का पार्थिव शरीर बुधवार दोपहर मुंबई से यहां लाया जाएगा। सहारा शहर में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को गोमतीनगर स्थित बैकुंठ धाम में किया जाएगा।

गौरतलब है कि सहारा समूह के संस्थापक रॉय लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वह रक्तचाप और हाइपरटेंशन के अलावा कई अन्य बीमारियों से ग्रसित थे। 12 नवंबर को तबीयत बिगड़ने पर उन्हे मुबंई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल और मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (केडीएएच) में भर्ती कराया गया था। बिहार के अररिया जिले में 10 जून 1948 को जन्मे रॉय ने सहारा समूह की शुरुआत 1978 में गोरखपुर से की थी। माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में करीब चार दशकों तक उनकी धाक रही। इस दौरान सहारा समूह का कारोबार देश विदेश में फैला। रियल एस्टेट, फाइनेंस, मीडिया, एंटरटेनमेंट, हेल्थ केयर, हॉस्पिटैलिटी, रिटेल, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तक में सहारा समूह की चमक फैली।



## ओबीसी, दलित और आदिवासियों को उनकी सही संख्या का पता लगने पर बदल जाएगा देश : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेमेतरा/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को एक बार फिर जातिगत जनगणना की वकालत की और कहा कि जिस दिन देश के ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदायों को अपनी सच्ची आबादी पता लग जाएगा, उस दिन यह मुल्क हमेशा के लिए बदल जाएगा।

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि वह ओबीसी शब्द को लेकर (प्रधानमंत्री) चुने गए हैं लेकिन जब ओबीसी को हक देने का समय आता है तब वह इससे इनकार करते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा, नरेन्द्र मोदी जी जाति जनगणना करें या ना करें, जिस दिन छत्तीसगढ़ में दोबारा कांग्रेस की सरकार आएगी जाति का सर्वे यहां शुरू हो जाएगा। जिस दिन हमारी सरकार आएगी पहला हस्ताक्षर जाति जनगणना पर होगा। जाति आधारित जनगणना ऐतिहासिक निर्णय होगा और इससे देश बदल जाएगा। जिस दिन इस देश के ओबीसी को, देश के दलित को और देश के आदिवासी को सच्ची आबादी के बारे में जानकारी मिलेगी, सच्ची शक्ति के बारे में जानकारी मिलेगी उस दिन यह देश हमेशा के लिए बदल जाएगा। यह आजादी के बाद सबसे बड़ा क्रांतिकारी निर्णय होगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी आपके लिए, आपके साथ मिलकर, कदम से कदम मिलाकर यह निर्णय लेने जा रही है, इसे कोई शक्ति नहीं रोक सकती। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जाति जनगणना को लेकर स्पष्ट रूख नहीं अपनाने का आरोप लगाया और कहा, मोदी जी 12 हजार करोड़ रुपए के हवाई जहाज में उड़ते हैं, हर रोज नए कपड़े पहनते हैं, ओबीसी शब्द को लेकर वह चुने गए और जब समय आता है ओबीसी को हक देने का तो कहते हैं कि ओबीसी नहीं है, जाति तो हिंदुस्तान में एक ही है, वह गरीब है। हम पता लगाएंगे कि ओबीसी कितने हैं। मैं कह रहा हूं कि आज जितने हैं उतनी भागीदारी आपको मिलेगी।

## विवाद के बाद महिला ने कथित रूप से युवक का गुप्तांग चाकू से काटा

**कौशांबी/भाषा।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद एक महिला ने कथित रूप से एक युवक का गुप्तांग चाकू से काट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। युवक के पिता की तहरीर पर महिला के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

मंझनपुर के क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के शरीफपुर गांव निवासी सीमा (32) का पड़ोस के निजामुद्दीन (26) से किसी बात को लेकर 14 नवंबर की शाम को विवाद हो गया था। उन्होंने बताया कि विवाद के दौरान सीमा ने युवक के गुप्तांग पर चाकू से वार कर दिया, चाकू लगने से निजामुद्दीन के गुप्तांग पर गंभीर चोट आ गई और रक्तस्राव होता देखकर निजामुद्दीन के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल निजामुद्दीन को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे प्रयागराज के एस आर एन अस्पताल भेज दिया गया है। वही इस मामले में आरोपी महिला सीमा ने बताया कि निजामुद्दीन उसके साथ गलत काम करना चाहता था और घर में घुसकर जबरन उसे बिस्तर पर लिटा दिया था। महिला ने बताया कि इस दौरान उसने मौका पाकर उसका गुप्तांग काट दिया और पति को इसकी सूचना दी।




## भगवान राम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस अब उनके नाम पर वोट मांग रही है : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि पार्टी ने भगवान राम को एक काल्पनिक चरित्र बताया था और अब उनके नाम पर वोट मांग रही है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का मतलब घोटाला, गबन, लूट और धोखाधड़ी है। भाजपा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के प्रचार के आखिरी दिन रायपुर जिले के आरंग निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस समय–समय पर अपना चेहरा बदलती रहती है। आजकल उन्हें भगवान राम का शौक हो गया है। कुछ लोग जनेऊधारी बन गए हैं। उन्हें ये भी नहीं पता कि इसे कैसे पहना जाता है। ये वे लोग हैं जो कहते थे कि वाल्मीकि रामायण में राम काल्पनिक (चरित्र) हैं। संप्रग सरकार के दौरान कांग्रेस पार्टी ने अदालत में हलफनामा दिया था कि राम काल्पनिक हैं और उनका कोई वैज्ञानिक तथा ऐतिहासिक आधार नहीं है। उन्होंने कहा, आजकल वे मंदिर–मंदिर भटक रहे हैं क्योंकि उन्हें समझ आ गया है कि यह देश राम भक्तों का है और वोट मांगने के लिए उन्हें राम का नाम लेना होगा।

नड्डा ने कहा, वे नए राम भक्त हैं और उन्हें यह भी नहीं पता कि राम कितने साल, 13 या 14 साल के लिए वनवास गए थे। वे हमसे राम मंदिर (अयोध्या में) निर्माण की तारीख पूछकर ताना मारते थे।

## सोरेन ने प्रधानमंत्री मोदी से आदिवासियों के लिए विशेष योजनाएं लाने का आग्रह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**खूंटी/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आदिवासियों, विशेषकर राज्य में खनिज संसाधनों के दोहन के कारण विस्थापित लोगों के लिए विशेष योजनाएं लाने का आग्रह किया।

खूंटी में मोदी की मौजूदगी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि इतिहासकार आदिवासियों को इतिहास में वह जगह दिलाने में नाकाम रहे हैं, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, झारखंड ने कई मायनों में प्रगति की है। चाहे वह खनिज संपदा हो, खिलाड़ी हों या कोई अन्य विषय। प्रधानमंत्री जी, हम आग्रह करना चाहेंगे कि जंगलों में बड़ी संख्या में रहने वाले आदिवासियों को खनिज संसाधनों के दोहन के कारण विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है। मुझे उम्मीद है कि वनों में रहने वाले लोगों के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी। सोरेन ने कहा, यह अजीब बात है कि हम चांद पर पहुंच गए हैं, लेकिन आदिवासी, आदिम जनजाति, दलित, पिछड़ी जातियां और अति पिछड़ी जातियां अपने अधिकारों के लिए अब भी लड़ रही हैं। इस अंतर को पाटना चाहिए। आज हम विकास की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति की बात करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से यह सिर्फ कागजों तक ही सीमित नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज सदियों से अपने अधिकारों के लिए लड़ रहा है और एक आदिवासी हमेशा फांसी पर चढ़ने के लिए तैयार रहता है।

## महेंद्र सिंह धोनी पत्नी साक्षी संग पहुंचे अपने पैतृक गांव अल्मोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नैनीताल/वार्ता।** भारतीय क्रिकेट का मशहूर सितारा और पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी बुधवार को अपने गांव अल्मोड़ा के ल्वाली (जैंती) पहुंचे और मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

धोनी बुधवार को नैनीताल से सीधे अल्मोड़ा के ल्वाली पहुंचे। ग्रामीण उनका सुबह से ही इंतजार में थे। वह लगभग 11 बजे जैसे ही गांव पहुंचे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। जोरदार स्वागत के साथ धोनी ग्रामीणों के पैतृक आवास पर गए। उन्होंने गांव में हरज्यू मंदिर में पूजा अर्चना की। धोनी के संग उनकी जीवन संगिनी भी गावं पहुंची हैं। धोनी ग्रामीणों के साथ पूरी तरह से घुल मिल गए और उन्होंने ग्रामीणों के साथ जमकर फोटो भी खिंचवाई।

ग्राम प्रधान दिनेश सिंह ने बताया कि महेन्द्र सिंह धोनी 20 साल बाद दूसरी बार अपने गांव आए हैं। इससे पहले वर्ष 2003 में वह यहां आए थे। उन्होंने रात्रि विश्राम नाटाडोल में होम स्टे में किया। वहां से आज सुबह वह अपने गांव के लिए रवाना हुए।

# रोहित शर्मा बने विश्व कप के नए 'सिक्सर किंग'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमी फाइनल में बुधवार को यहां अपनी संक्षिप्त पारी के दौरान विश्व कप में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। रोहित ने अपनी 47 रन की पारी के दौरान चार छक्के लगाए, जिससे विश्व कप में उनके कुल छक्कों की संख्या 51 हो गई। उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने हर चार साल में होने वाले इस टूर्नामेंट में 49 छक्के लगाए थे।

यही नहीं रोहित मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक 28 छक्के लगा चुके हैं और किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अब उनके नाम पर दर्ज हो गया है। इस मामले में भी उन्होंने गेल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2015 में खेले गए विश्व कप में 26 छक्के लगाए थे। इस बीच विराट कोहली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग (13704 रन) को पीछे छोड़ा। कोहली से अधिक रन अब सचिन तेंदुलकर (18426) और कुमार संगकारा (14234) के नाम पर दर्ज हैं।

### पिच सलाहकार को बदलाव के बारे में अवगत कराया गया: आईसीसी

**मुंबई/भाषा।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप सेमीफाइनल से पहले पिच विवाद पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को स्पष्ट किया कि स्वतंत्र पिच सलाहकार को विश्वास में लेकर इस कदम को उठाया गया है। मुंबई के वानखेड़े में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के बहुप्रतीक्षित सेमीफाइनल से कुछ घंटे पहले ऐसी रिपोर्ट सामने आई कि भारतीय क्रिकेट टीम प्रबंधन ने मुकाबले के लिए 'स्पिनरों की मददगार पिच' की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार पहले सेमीफाइनल के लिए नई पिच की योजना बनाई गई थी, लेकिन घरेलू टीम के स्पिनरों की सहायता के लिए अब इस मैच को 'इस्तेमाल की गई' पिच पर खेला जाएगा।



## कोहली ने शतकों के अर्धशतक के साथ तेंदुलकर को पीछे छोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। विराट कोहली बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल के दौरान अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ते हुए खेल के इतिहास में 50 एकदिवसीय शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद को स्क्वायर लेग पर खेल कर दो रन के साथ 106 गेंद में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने करियर की 279 वीं पारी में शतकों का अर्धशतक पूरा किया।

कोहली ने वानखेड़े स्टेडियम में महान तेंदुलकर की मौजूदगी में यह उपलब्धि हासिल की। खास बात यह है कि तेंदुलकर ने इसी मैदान पर 15 नवंबर (2013) को ही आखिरी बार भारत के लिए बल्लेबाजी की थी। यह टेस्ट मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला गया था।

तेंदुलकर ने कोहली की इस उपलब्धि के बाद 'एक्स' पर लिखा, जब मैं पहली बार आपसे भारतीय ड्रेसिंग रूम में मिला था, तब टीम के अन्य साथियों ने मजाक करते हुए आपसे मेरा पैरा छुआया था। मैं उस दिन अपनी हंसी नहीं रोक सका था। जल्द ही, आपने अपने जुनून और कौशल से मेरे दिल को छू लिया। मैं बहुत खुश हूं कि वह युवा लड़का एक 'विराट' खिलाड़ी बन गया है। उन्होंने लिखा, मुझे इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती कि एक भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा। और इसे सबसे बड़े मंच (विश्व कप सेमीफाइनल में) और अपने घरेलू मैदान पर हासिल करना सोने पर सुहागा है।

इससे पहले कोहली ने पांच नवंबर को जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 49वां शतक लगाकर तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की थी तब इस महान बल्लेबाज ने उम्मीद जतायी थी कि वह अपना 50वां शतक जल्द पूरा करेंगे।

तेंदुलकर ने तब 'एक्स' पर लिखा था, शानदार खेल दिखाया विराट। इसी साल की शुरुआत में मुझे 49 से 50 (वर्ष) का होने में 365 दिन लगे। उम्मीद करता हूं कि आप 49 से 50 (शतक) तक पहुंचोगे और अगले कुछ दिनों में मेरा रिकॉर्ड तोड़ोगे। बधाई हो।

## सुविचार

**जिंदगी में हमेशा सोच समझकर शब्द बोलने चाहिए, क्योंकि बोले गए शब्द ही ऐसी चीज है, जिसकी वजह से इंसान या तो दिल में उतर जाता है या दिल से उतर जाता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# सफेद झूठ

कंगाली के कगार पर खड़े पाकिस्तान द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध में मौके का फायदा उठाकर करोड़ों डॉलर के हथियार बेचे जाने संबंधी रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हालांकि इसमें ऐसा कुछ नहीं है, जिस पर अचंभा किया जाए, क्योंकि पाक की यह पुरानी फ़ितरत है। इस बार उसने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति की। पहले उसके 'वैज्ञानिक' परमाणु हथियारों की तस्करी करते पकड़े गए थे। दहशत के धंधे में पाक खूब चांदी कूट रहा है। जब रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ा तो पाक के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान मास्को गए हुए थे। एक ओर पाक सस्ता गेहूं और तेल खरीदने के लिए रूस से दोस्ती का दिखावा कर रहा था, वहीं दूसरी ओर यूक्रेन को हथियार बेचकर अपने खाली कटोरे को भरने का रास्ता निकाल रहा था। पाक के इस पाखंड के लिए पश्चिमी देश कम जिम्मेदार नहीं हैं। वे दुनिया को शांति, मैत्री, सहिष्णुता पर उपदेश देते रहते हैं, लेकिन समय आने पर अपने फायदे के लिए पाक का इस्तेमाल करने से पीछे नहीं रहते। अब जिस रिपोर्ट में यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करने के लिए जिन दो निजी अमेरिकी कंपनियों से हथियारों के सौदे का दावा किया जा रहा है, उनसे पाक ने 36 करोड़ 40 लाख अमेरिकी डॉलर कमाए हैं! इस राशि का इस्तेमाल कहां हुआ होगा? पाक में आटा, सब्जी, बिजली के लिए त्राहि-त्राहि मची है, लेकिन इस राशि का बड़ा हिस्सा उसके भ्रष्ट सैन्य अधिकारियों की जेब में गया होगा। वहीं, एक बड़ा हिस्सा आतंकवाद को परवान चढ़ाने पर खर्च किया गया होगा। हाल में जिस तरह एलओसी पर आतंकवादियों की घुसपैठ, हमले और गोलीबारी की घटनाएं हुईं, कहीं यह उसी राशि का तो असर नहीं है?

इस अवधि में पाकिस्तानी रुपए में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कुछ सुधार आया है। पेट्रोल की कीमतों में थोड़ी राहत दी गई है। पाकिस्तान को लेकर अमेरिका के रवैए में कुछ नरमी दिखाई दी है। हालांकि अपनी आदत के मुताबिक ही पाक इस बात से इन्कार कर रहा है कि उसने यूक्रेन को हथियार बेचे थे। जबकि रिपोर्ट बताती है कि एक ब्रिटिश सैन्य मालवाहक विमान ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करने के लिए रावलपिंडी में पाकिस्तान वायुसेना के नूर खान अड्डे से साइप्रस, अक्रोटिरी में ब्रिटिश सैन्य अड्डे और फिर रोमानिया के लिए कुल पांच बार उड़ानें भरी थीं। इस दौरान कितना गोला-बारूद यूक्रेन गया होगा? रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने 155 एमएम तोप के गोले की बिक्री के लिए 'ग्लोबल मिलिट्री' और 'नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन' नामक अमेरिकी कंपनियों के साथ दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए थे। ये विशेष रूप से 155 एमएम तोप के गोले की खरीद से जुड़े थे। रिपोर्ट का यह दावा चौंकाने वाला है कि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान इस देश के हथियारों के निर्यात में 3,000 प्रतिशत की वृद्धि हुई है! पाक ने वर्ष 2021-22 में 1 करोड़ 30 लाख अमेरिकी डॉलर के हथियार निर्यात किए, जबकि वर्ष 2022-23 में यह निर्यात 41 करोड़ 50 लाख अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया! इन आंकड़ों के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय का यह बयान सफेद झूठ लगता है कि उसने दोनों देशों के बीच विवाद में 'सख्त तटस्थता' की नीति बनाए रखी और इस युद्ध में कोई हथियार या गोला-बारूद उपलब्ध नहीं कराया है। पाकिस्तान पहले ही आतंकवाद की अंतरराष्ट्रीय मंडी बना हुआ है। ऐसे में उसके यहां से हथियारों के निर्यात में इतना बड़ा उछाल विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। खासतौर से भारत के लिए, जहां वह कई वर्षों से आतंकवाद का प्रसार करने की नाकाम कोशिशें कर रहा है। लिहाजा हमें बहुत सावधानी बरतनी होगी।

## ट्वीटर टॉक



आप सोचिए, जहां-जहां कांग्रेस आती है, वहां आतंकी, दबंग और दंगाई के हौसले क्यों बढ़ते हैं? इसका जवाब है- कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति। कांग्रेस राजस्थान को उस दिशा में ले जा रही है. जहां राजस्थान की संस्कृति और परंपरा खतरे में पड़ जाएगी।

**-नरेन्द्र मोदी**



अद्भुत अविश्वसनीय अविस्मरणीय ! भारतीय क्रिकेट टीम के शतकवीर विराट कोहली को अपने पचासवें शतक के साथ एक दिवसीय मैचों में सबसे ज्यादा शतक लगाकर स्वर्णिम इतिहास रचने पर हार्दिक बधाई। देश को आप पर गर्व है।

**-दिया कुमारी**



पिछले पांच साल में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने लोकलुभावने वादे कर जनता को ठगने का काम किया है। वहीं अब गारंटियों के नाम पर जनता को फिर से ठगने का नया फॉर्मूला निकाल लिया है। लेकिन राजस्थान समझ चुका है कि कांग्रेस सिर्फ रेवड़ियां बांटने का काम कर रही है।

**-वसुंधरा राजे**

## प्रेरक प्रसंग

# प्यारा इंसान

एक बार संत धरनीदास अपने शिष्यों को सामाजिक समरसता के पाठ पढ़ा रहे थे। एक जमींदार का अहंकारी और लापरवाह पुत्र उनको बराबर कुछ अटपटे और बेकार सवाल करके तंग कर रहा था। बाकी शिष्य उसे सबक सिखाना चाहते थे, लेकिन संत धरनीदास जी ने सिर हिलाकर मना कर दिया। अब एक अंतराल हुआ और सबको हरे पत्ते पर रखकर हलवा खाने को दिया गया। उस किशोर ने जरा हलवा खाया और उठकर चला गया। संत धरनीदास ने बाकी शिष्यों को संकेत किया। वह उसका पीछा करते गये। किशोर ने हलवा एक साफ जगह पर बिखेर कर चिड़िया की आवाज निकाली। कुछ ही पल में झुंड के झुंड पंछी आये और मीठा हलवा चुग गये। संत धरनीदास ने अब सभी को समझाया कि हर शरारती और खुराफाती में भी एक प्यारा इंसान छिपा होता है। सब कुदरत के प्यारे इंसान हैं। संत धरनीदास का यह संदेश अमर हो गया। संत धरनीदास बिहार की धरती पर बहुत उच्चकोटि के संत हुए हैं। परम चेतना सम्पन्न इस संत ने समाज से ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाकर समरसता लाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## सामयिक

# दीपावली त्यौहार ने दी है भारत को आर्थिक ताकत

प्रहलाद सबनानी
मोबाइल : 9987949940

इस वर्ष दीपावली त्यौहार के धनतेरस के दिन भारतीयों ने विभिन्न उत्पादों की जमकर खरीद की है। भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं एवं भारतीय अर्थव्यवस्था अब बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी कारण से वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में भारत की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के वृद्धिगत सकल घरेलू उत्पाद में भारत की भागीदारी 15 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। भारत ने अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। भारत में आज आम आदमी की आमदमी बढ़ रही है, आम आदमी की तरक्की जारी हैं एवं इसे और अधिक बेहतर बनाने के प्रयास लगातार हो रहे हैं। इसी के चलते भारतीय बाजारों में दीपावली के पावन पर्व पर भारी भीड़ एवं रौनक दिखाई दे रही है। भगवान धन्वन्तरि भारतीय नागरिकों पर जैसे धन की वर्षा करते नजर आ रहे हैं। भारत में धनतेरस के दिन किसी भी प्रकार के उत्पाद की खरीददारी को शुभ माना जाता है। विशेष रूप से बर्तन, गहने, वाहन एवं मकान आदि भारी मात्रा में खरीदे जाते हैं। इस वर्ष भारतीय बाजारों में एक और शुभ संकेत दिखाई दे रहा है कि भारतीय नागरिक वोकल फोर लोकल एवं आत्म निर्भर भारत जैसे विचार से सहमत होते हुए केवल भारत में निर्मित वस्तुओं की जमकर खरीद कर रहे हैं। रीयल एस्टेट सेक्टर, कार डीलर्स, जौहरियों एवं किराना व्यवसायीयों की तो जैसे लॉटरी ही लग गई है।



इस वर्ष दीपावली त्यौहार में बाजारों में उमड़ रही भीड़ अपने आप में भारत की आर्थिक शक्ति बनने की कहानी कह रही है। भारतीय ग्राहकों में उत्साह दिख रहा है। ग्राहकों का उत्साह देखकर कारोबारी एवं व्यापारी भी खुश नजर आ रहे हैं। कन्फेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज एसोसीएशन के अनुसार, इस वर्ष दीपावली के त्यौहारी मौसम में देश में 3.75 लाख करोड़ रुपए का व्यापार हुआ है। इस खरीद की विशेष बात यह रही है कि उपभोक्ताओं में चीन में निर्मित माल के स्थान पर भारत में ही निर्मित स्वदेशी सामान की जबरदस्त मांग देखने को मिली है। जबकि षठ पूजा एवं भैया दूज समेत अभी कई त्यौहार आना शेष है, इस प्रकार आगे आने वाले अन्य त्यौहारों के शुभ अवसर पर 50,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यापार होने की सम्भावना भी व्यक्त की गई है। उक्त संस्थान ने भारतीय उत्पाद - सबका उस्ताद नामक एक कैम्पेन भी भारत में, हाल ही में प्रारम्भ हुए त्यौहारी मौसम के दौरान, चलाया था, जिसका भारतीय नागरिकों पर जबरदस्त प्रभाव दिखाई दिया है। साथ ही इस वर्ष के त्यौहारी मौसम में चीन को लगभग एक लाख करोड़ रुपए के व्यापार का नुकसान हुआ है। क्योंकि, इसके पहिले चीन में बनी वस्तुओं की भारतीय बाजारों में 70 प्रतिशत तक बिक्री होती थी परंतु इस वर्ष भारतीय बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की मांग इतनी अधिक थी कि चीन में निर्मित वस्तुओं की बिक्री बहुत ही कम हो गई है। इस वर्ष भारत में दीपावली से सम्बंधित सामान का चीन से आयात नहीं के बराबर हुआ है। एक अनुमान के अनुसार, इस 3.50 लाख करोड़ रुपए के व्यापार में 13 प्रतिशत खाद्य सामग्री एवं किराना की, 9 प्रतिशत ज्वेलरी की, 12 प्रतिशत टेक्स्टायल एवं गारमेंट की, 4 प्रतिशत ड्राई फ्रूट, मिठाई एवं नमकीन की, 3 प्रतिशत होम डेकोर की, 6 प्रतिशत कास्मेटिक्स की, 8 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल की, 3 प्रतिशत भोजन सामग्री एवं पूजा वस्तुओं की, 3 प्रतिशत रसोई एवं बर्तन उपकरण की, 8 प्रतिशत गिफ्ट सामान की, 4 प्रतिशत फर्निशिंग एवं फर्निचर सामान की एवं 25 प्रतिशत ऑटोमोबील, हार्डवेयर सामान, खिलौने सहित अन्य अनेकों वस्तुओं एवं सेवाओं की भागीदारी रही है।

भारत में मकानों की बिक्री सम्बंधी आंकड़ों से भी आभास होता है कि भारत में मिडल एवं अपर मिडल क्लास वर्ग की संख्या बढ़ी है। रीयल एस्टेट से जुड़े कारोबारियों का मानना है कि इस वर्ष 1.5 लाख से अधिक लक्जरी और एफोर्डेबल घरों की बिक्री का रिकार्ड बन गया है। वर्ष 2023 की दीपावली के ठीक पूर्व के समय में 1.50 लाख घरों की बिक्री प्रदर्शित करती है कि भारत के नागरिकों की आय में तेज गति से वृद्धि हो रही है। वर्ष 2022 की दीपावली के पूर्व 1.47 लाख घरों की बिक्री हुई थी और वर्ष 2021 में यह आंकड़ा 1.14 लाख रहा था। जनवरी 2023 से सितम्बर 2023 तक की अवधि में भी भारत में 2.30 लाख लक्जरी और एफोर्डेबल घरों की बिक्री हुई थी, जो पिछले साल के मुकाबले 5 प्रतिशत अधिक है। रीयल एस्टेट में बूम का मतलब है कि भारत तेज गति से तरक्की कर रहा है। भारत में आम लोगों की जेब तक पैसा पहुंच रहा है। त्यौहारी सीजन में उछाल सिर्फ रीयल एस्टेट सेक्टर में ही नहीं है, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी लगभग इसी प्रकार का त्यौहारी वातावरण दिखाई दिया है। माह अकटोबर 2023 में भारत में 3.90 लाख चार पहिया वाहनों की बिक्री हुई है। जबकि 19 लाख के करीब दोपहिया वाहन भी बिके हैं। नवम्बर 2023 के त्यौहारी मौसम में 4.25 लाख चार पहिया वाहन एवं 20 लाख दो पहिया वाहन बिकने का अनुमान लगाया गया है। इसी प्रकार, एक अन्य अनुमान के अनुसार धनतेरस 2023 के दिन भारत में 50,000 करोड़ रुपए के सोने के आभूषणों की बिक्री हुई है। पिछले वर्ष धनतेरस के दिन 45,000 करोड़ रुपए के सोने के आभूषणों की बिक्री हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष सोने के आभूषणों की बिक्री में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। भारत में प्रत्येक क्षेत्र में विकास स्पष्टत: दिखाई दे रहा है। नागरिकों की जेब में पैसा पहुंचा है तभी तो भारत में उक्त वर्णित समस्त क्षेत्रों में भारी तादाद में बिक्री सम्भव हो पा रही है।

शादी के मौसम की शुरुआत एवं नवरात्रि त्यौहार के शुरू होने के साथ ही भारत में त्यौहारी मौसम की शुरुआत हो जाती है। दिनांक 8 अकटोबर से ऑनलाइन खुदरा बिक्री के साइट, फ्लिपकार्ट एवं अमेजोन, पर उत्पादों की बिक्री का विशेष त्यौहारी अभियान प्रारम्भ किया गया था और केवल चार दिन में ही केवल उक्त दो कम्पनियों की साइट पर 40,000 करोड़ रुपए का व्यापार कर लिया गया है।

भारत के विकास की कहानी की यह तो शुरुआत भर है, आगे आने वाले समय में विकास की इस कहानी को और अधिक गति मिलने की सम्भावना है क्योंकि अभी तक तो केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे पूंजीगत खर्चों का प्रभाव ही इस विकास की कहानी पर दिखाई दे रहा है (केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.50 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय किया था और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 10 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय करने का लक्ष्य निर्धारित किया है) जबकि निजी क्षेत्र भी अब अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने जा रहा है क्योंकि विभिन्न कम्पनियां अपनी उत्पादन क्षमता का 75 प्रतिशत से अधिक उपयोग कर रही है, अतः उन्हें विनिर्माण के क्षेत्र में नई इकाईयों की स्थापना निकट भविष्य में करना ही होगी। साथ ही, विदेशी कम्पनियों के भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना किये जाने के सम्बंध में सहमति पत्र लगातार प्राप्त हो रहे हैं। इस प्रकार, आगे आने वाले समय में भारत में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित होने जा रहे हैं जिससे मिडल क्लास की संख्या में और अधिक तेज गति से विस्तार होगा और भारत में ही निर्मित उत्पादों की मांग और अधिक तेज होने जा रही है।

## चिंतन

# असहिष्णुता की ही निष्पत्ति है युद्ध एवं आतंकवाद

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

विश्व में सहिष्णुता को बढ़ावा देने और जन-जन में शांति, सहनशीलता एवं संवेदना के लिये जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 16 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य संसार में हिंसा की भावना और नकारात्मकता को खत्म कर अहिंसा को बढ़ावा देना है। दुनिया में बढ़ते अत्याचार, आतंक, हिंसा और अन्याय को रोकने और लोगों को सहनशीलता और सहिष्णुता के प्रति जागरूकता की भावना जगाने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है। यह दिवस सभी धर्मों और अलग-अलग संस्कृतियों को एक होने की प्रेरणा देता है। इसीलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास सहिष्णुता की भावना फैलाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। भारत के लिये इस दिवस का विशेष महत्त्व इसलिये भी है कि महात्मा गांधी की 125 वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 1995 को संयुक्त राष्ट्रीय महासभा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता वर्ष घोषित किया गया था।



**संत कबीरदास से लेकर गुरूनानक, रैदास और आचार्य तुलसी आदि संतों ने समाज में सहिष्णुता का भाव उत्पन्न कर सामाजिक समरसता को जन जन तक पहुंचाया। इससे समाज में सही अर्थों में सहिष्णुता की भावना बलवती हुई। संत कबीर हिन्दु-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे।**

हर साल पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय सहनशीलता दिवस मनाया जाता है। दरअसल, बदलते लाइफस्टाइल और सामाजिक माहौल की वजह से लोगों के अंदर सहनशीलता लगातार घटती जा रही है। सामाजिक माहौल ना बिगड़े और लोग एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहे, इसी संकल्प के साथ अंतरराष्ट्रीय सहनशीलता दिवस मनाया जाता है। सहनशीलता दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्योंकि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई-झगड़ा एवं युद्ध की स्थितियां बनना आम हो गया है। रूस-यूक्रेन एवं इजरायल-हमाम के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध विश्व मानव समाज के लिये गंभीर खतरा है। लगातार युद्ध की बढ़ती स्थितियां एवं आतंकवाद की बढ़ना व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं विश्व में बढ़ती असहिष्णुता का ही परिणाम है। किसी भी युग में किसी भी देश में जब-जब सहिष्णुता की दीवार में कोई सुराख करने की कोशिश हुई है, तब-तब आसुरी एवं हिंसक शक्तियों ने सामाजिक एकता को कमजोर किया है और विनाश का तांडव रचा है। सहिष्णुता तभी कायम रह सकती है जब संवाद कायम रहे। सहिष्णुता इमारत है तो संवाद आधार। लेकिन प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावाद के जाल में फंस चुके इस विश्व में यह संवाद लगातार टूटता जा रहा है।

सहनशीलता का शब्दिक अर्थ है शरीर और मन की अनुकूलता और प्रतिकूलता को सहन करना। मानव व्यक्तित्व के विकास और उन्नयन का मुख्य आधार तत्व सहिष्णुता है। स्वयं के विरुद्ध किसी भी आलोचना को स्वीकार नहीं करना मोटे रूप में असहिष्णुता है। बताया जाता है कि सहिष्णुता मनुष्य को दयालु और सहनशील बनाती है वहीं असहिष्णुता मनुष्य को दम्भी या अहंकारी बनाती है। अहंकार अंधकार का मार्ग है जो मनुष्य और समाज का सर्वनाश कर देती है। शेख फरीद पुकार-पुकार कर खुद को समझाते हैं, ओ फरीद, अगर तेरे वैरी तुझ पर मुक्कों का प्रहार करते हैं, तब भी बदले में तुम उन पर हाथ मत उठाना। तुम तो उनसे प्रीति ही करना। उन्हें आशीष देना। उनका भला मांगना और उनके पांव चूम कर चुपचाप अपने घर चले जाना।' ईसा मसीह ने अपने अनुयायियों से कहा, हिंसा का प्रतिकार कभी हिंसा से नहीं करना, बल्कि सहिष्णुता से करना और अगर कोई तुम्हारे एक अंग पर प्रहार करे तो दूसरा अंग भी उसके आगे कर देना।' आततायियों द्वारा सलीब पर चढ़ाए जाते हुए भी ईसा मसीह ने कहा, 'हे ईश्वर, इन्हें क्षमा कर देना क्योंकि ये नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।'

सहनशीलता का जिंदगी में बहुत महत्त्व है। जिसने जीवन में सहन करना सीख लिया वह जिंदगी की हर जंग जीत सकता है। सहिष्णुता जीवन शक्ति का पर्याय है। विश्व के देशों में सहनशीलता का निरंतर क्षरण हो रहा है। शासक एक दूसरे के विरुद्ध ऐसे बयान जारी कर रहे है जिससे विश्व में कटुता और असहिष्णुता का बाजार गर्म हो रहा है। बात विश्व की ही नहीं, राष्ट्र एवं समाज की भी है, हर ओर छोटी-छोटी बातों पर उत्तेतना, आक्रोश, हिंसा के परिदृश्य व्याप्त है। विश्व सहिष्णुता दिवस मनाने के पीछे यह तर्क दिया जारहा है कि मानव समुदाय एक दूसरे का सम्मान करें और उन भावनाओं को पुष्ट करें जिससे किसी भी स्थिति में सहिष्णुता को हानि नहीं पहुंचे। मनु, बुद्ध, महावीर और नानक, गांधी ने किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी पक्ष द्वारा हिंसक मार्ग के अनुसरण को यह कहकर नकारा कि सात्विक दृष्टि से जब सब एक ही (परमात्मा) के अंश है, आस्था एक ही हैं तो फिर विद्वेष, प्रतिहिंसा और प्रतियोगिता क्यों?

जिस समाज के पास वेदवाणी और गुरुवाणी से लेकर गांधी तक अहिंसावादी विचारों की धरोहर हो, वहां इतनी असहिष्णुता और इतनी हिंसा क्यों? एक बहुत झीनी, नाजुक और पतली सी दीवार है सहिष्णुता, जिसके पीछे हिंसा, घृणा, वैर विरोध और प्रतिरोध जैसे विकार घात लगाए बैठे हैं। पारिवारिक, सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक या आर्थिक में से कोई भी कारण सहिष्णुता की नाजुक दीवार को गिराने के लिए काफी हो सकता है। दूसरों के प्रति असहिष्णुता और वैर भाव देखने वाला व्यक्ति समाज का अहित बाद में और अपना अहित पहले करता है। कारण यह है कि मन में (मानसिक) शांति और आसुरी तत्व दोनों एक साथ रह ही नहीं सकते। हिंसात्मक विचार और विकार मन से शांति को उखाड़ कर ही अपना स्थान और सामान्य बनाते आए हैं। बुद्ध कहते हैं कि जिस समाज में ऐसी विपरीतगामी विचारधारा का (कु)शासन होता है, वह समाज तरक्की नहीं कर सकता और न ही उसमें सौहार्द कायम रह सकता है।

सहिष्णुता एक उत्प्रेरक है अनेक अनुवर्ती क्रियाओं की। जिस समाज में सहिष्णुता है, वहां क्षमा है। जहां क्षमा है वहां सौहार्द है। जहां सौहार्द है वहां सहयोग और समन्वय है। जहां समन्वय है, वहां शांति है। जहां शांति है, वहां मानव का, समाज का, राष्ट्र और विश्व का विकास एवं कल्याण है। इसी युग में दुनिया के कई शांतिप्रिय राष्ट्रों की मिसाल हमारे सामने है, जिन्होंने मारामारी, हिंसा और तनातनी से दूर रहकर सामाजिक और आर्थिक विकास की कई बुलंदियों को छुआ है और वे लगातार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सहिष्णुता के मार्ग का ही अनुसरण किया है। असहिष्णुता शांति एवं सह-जीवन के लिये ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के लिये भी घातक है। शास्त्रों में भी कहा गया है कि चिंता चिता' समान और क्रोध विनाश' की पहली सीढ़ी होता है। जल्दी उत्तेजित होने वाले जहां अन्य लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं, खुद की सेहत से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोग उन्हें जकड़ रहे। आजकल बिगड़ते खानपान और अनियमित दिनचर्या से लोगों में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में उनके अंदर सहनशीलता घट रही है और इसी वजह से वे रक्तचाप, हृदयरोग, डायबटीज जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में भी आ रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, सही शिक्षा के अभाव में नई पीढ़ी में मानसिक सहनशीलता कम हो रही है। वहीं सामाजिक परिवेश के आंकलन के बिना बनाए गए कानून भी आग में घी का काम कर रहे हैं। पढ़ाई व संस्कारों के लिए स्कूलों में डांटना-मारना उत्पीड़न कहा जा रहा है। ऐसे में जहां शिक्षकों को अपमान झेलना पड़ता है। वहीं, युवाओं के हौसले बुलंद हैं। इस समस्या से बचने के लिए सिर्फ शरीर ही नहीं बल्कि दिमाग को भी मजबूत करना पड़ेगा। आधुनिक युग में रिश्तों में दरार उत्पन्न होने और हिंसा में वृद्धि होने के कारकों में सहनशीलता का अभाव ही है।

संत कबीरदास से लेकर गुरूनानक, रैदास और आचार्य तुलसी आदि संतों ने समाज में सहिष्णुता का भाव उत्पन्न कर सामाजिक समरसता को जन जन तक पहुंचाया। इससे समाज में सही अर्थों में सहिष्णुता की भावना बलवती हुई। संत कबीर हिन्दु-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे। उन्होंने राम-रहीम को एक माना और कहा ईश्वर एक है भले ही उसके नाम अलग-अलग क्यों न हों। आजादी के आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने सहिष्णुता का संदेश घर-घर तक पहुंचाया। गांधीजी सहिष्णुता के साक्षात प्रतीक थे। उन्होंने अनेक बार सहनशीलता का परिचय देकर भारतवासियों को एक नई राह दिखाई। सहनशीलता हमारे जीवन का मूल मंत्र है। सहिष्णुता ही लोकतंत्र का प्राण है और यही वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः एवं सर्वधर्म सद्भाव का आधार है। इसी से मानवता का अभ्युदय संभव है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत



# गेल को एशियाई तेल और गैस पुरस्कार समारोह में दो प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। प्राकृतिक गैस में अग्रणी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम 'गेल' को मलयेशिया के क्वालालंपुर में आयोजित एशियाई तेल और गैस पुरस्कार समारोह में दो प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं।

गेल को प्रतिष्ठित 'इनोवेशन अवॉर्ड - इंडिया' बैकहॉलिंग के साथ एलएनजी के शिप-टू-शिप (एसटीएस) ट्रांसफर के माध्यम से एलएनजी शिपिंग लागत और उत्सर्जन में कमी के लिए दिया गया है। वहीं, वाराणसी में पहले फ्लोटिंग कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) स्टेशन की स्थापना के लिए एक और शीर्ष पुरस्कार 'मिडस्ट्रीम प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर - इंडिया' दिया गया है। यह पुरस्कार एशिया के तेल और गैस क्षेत्र के सबसे उत्कृष्ट भागीदारों को मान्यता देता है। गेल चार्टर ने जिब्राल्टर में कतर गैस से एलएनजी जहाज अल घर्राफा को किराए पर लिया और एसटीएस ट्रांसफर के माध्यम से कैस्टिलो डी सैंटिस्टेबन से अल घर्राफा में कार्गो स्थानांतरित किया। यह एक बड़े पारंपरिक एलएनजी जहाज और क्यू-फ्लेक्स एलएनजी जहाज के बीच दुनिया का पहला एसटीएस है। वाराणसी के नमो घाट पर गंगा नदी पर गेल का फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन नदी में स्वच्छ ईंधन-सीएनजी पर नाव चलाने की दुनिया में अपनी तरह की अनूठी पहल है।

# सेना की पूरी बटालियन ने किया आत्मसमर्पण : उत्तरी म्यांमार में नस्ली प्रतिरोध समूह का दावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बैंकॉक। चीन से लगी सीमा के पास तैनात म्यांमा की सेना की एक पूरी बटालियन ने नस्ली सशस्त्र समूहों के गठबंधन के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सशस्त्र समूहों में से एक के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। गठबंधन ने पिछले महीने सेना के खिलाफ एक आश्चर्यजनक हमला शुरू किया था।

पूर्वोत्तर शान राज्य में पैदल सेना बटालियन से 261 लोगों – 127 सैनिकों और उनके परिवार के 134 सदस्यों – का आत्मसमर्पण, म्यांमा में 2021 में व्यापक सशस्त्र संघर्ष छिड़ने के बाद नियमित सैन्य बलों द्वारा किया गया सबसे बड़ा आत्मसमर्पण प्रतीत होता है। सेना ने फरवरी 2021 में आन सान सू ची की निर्वाचित सरकार से सत्ता छीन ली थी।

प्रवक्ता ने कहा कि गठबंधन को उम्मीद है कि वह जल्द ही क्षेत्र के प्रमुख शहर लाउक्केइंग पर कब्जा कर लेगा।सैन्य सरकार ने इस आत्मसमर्पण की पुष्टि नहीं की है और 'एसोसिएटेड प्रेस' भी स्वतंत्र रूप से इसकी प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका है। यह आत्मसमर्पण खुद को 'थ्री ब्रदरहुड एलायंस' कहने वाली अराकान सेना, म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी और तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी द्वारा 27 अक्टूबर को सैन्य सरकार के खिलाफ एक समन्वित आक्रमण शुरू करने के दो सप्ताह बाद हुआ।

गठबंधन ने व्यापक जीत का दावा किया है और सैन्य सरकार ने दो नवंबर को एक दुर्लभ स्वीकारोक्ति की कि उसने तीन शहरों पर नियंत्रण खो दिया है, जिनमें से एक चीन के साथ व्यापार के लिए एक प्रमुख सीमाबिंदु है।

शान राज्य के उत्तरी भाग में हमले को सेना के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में देखा गया है। 2021 में सेना के सत्ता पर कब्जा करने के बाद उसके खिलाफ स्थापित लोकतंत्र समर्थक सशस्त्र समूह पीपुल्स डिफेंस फोर्स के सदस्यों की ओर से उसे लगातार प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है।

## गार्ड ऑफ ऑनर



केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन बुधवार को तिरुवनंतपुरम में सरकारी महिला कॉलेज की 125वीं वर्षगांठ समारोह के अवसर पर एनसीसी कैडेटों से गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त करते हुए।

# ब्रिटिश एनएसए से सार्थक बातचीत हुई: जयशंकर

लंदन/भाषा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार टिम बैरो से मुलाकात की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों पर उनके साथ सार्थक चर्चा की। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने और मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई गति देने के उद्देश्य से ब्रिटेन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ब्रिटेन के एनएसए टिम बैरो से मिलकर खुशी हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर सार्थक चर्चा हुई। इस सप्ताह की शुरुआत में, जयशंकर ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, नवनियुक्त विदेश मंत्री डेविड कैमरन, रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स और गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली से मुलाकात की।

भारतीय उद्योग द्वारा सोमवार शाम यहां संसद भवन के पास वेस्टमिंस्टर सेंट्रल हॉल में आयोजित एक विशेष दीपावली समारोह में जयशंकर ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत-ब्रिटेन संबंधों का एक बड़ा केंद्र बिंदु है तथा भारत को चर्चा में दोनों पक्षों के लिए काम करने वाला एक आधार मिलने की उम्मीद है। भारत-ब्रिटेन समग्र रणनीतिक साझेदारी की 2021 में भारत-ब्रिटेन मसौदा 2030 के साथ शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य कई क्षेत्रों में संबंधों का विस्तार करना है।

द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को अनुमानित तौर पर 36 अरब ब्रिटिश पाउंड तक महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लक्ष्य के साथ भारत और ब्रिटेन पिछले साल जनवरी से एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

अब तक वार्ता के 13 दौर हो चुके हैं और अधिकारियों को उम्मीद है कि 2024 में दोनों देशों में होने वाले आम चुनाव से पहले कोई समझौता हो जाएगा।

# यूक्रेन से निकाले गए भारतीय छात्रों ने उज्बेकिस्तान में शुरू की पढ़ाई

समरकंद (उज्बेकिस्तान)/भाषा

युद्ध प्रभावित यूक्रेन से 2021 में सुरक्षित निकाले गए सैकड़ों भारतीय एमबीबीएस छात्रों ने अपनी पढ़ाई फिर से शुरू कर दी है और उज्बेकिस्तान के एक अग्रणी चिकित्सा विश्वविद्यालय में नया शैक्षणिक जीवन शुरू किया है।

उज्बेकिस्तान में समरकंद स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी ने यूक्रेन के 1,000 से अधिक भारतीय मेडिकल छात्रों को यूक्रेन में भारतीय दूतावास द्वारा यह पूछे जाने के बाद समायोजित किया है कि क्या प्रभावित छात्र स्थानांतरित किए जा सकते हैं।

बिहार के बेगूसराय निवासी अमित ने रूस के हमले के समय यूक्रेन में एक रात एक तहखाने में बिताई थी। वह 'ऑपरेशन गंगा' पहल के तहत भारत सरकार द्वारा निकाले गए छात्रों में से एक थे।

'ऑपरेशन गंगा' यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पहल थी। इस पहल के तहत कुल 18,282 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया था।

अमित ने पीटीआई से कहा, मैंने सोचा था कि मैं इसमें सफल नहीं हो पाऊंगा और या तो मर जाऊंगा या यूक्रेन में फंस जाऊंगा। जब मैं भारत में घर वापस पहुंचा, तो मुझे और मेरे परिवार को राहत मिली, लेकिन फिर आगे क्या होगा इसके बारे में अनिश्चितता का कभी न खत्म होने वाला चक्र शुरू हुआ। मैंने यूक्रेन में अपने एमबीबीएस के तीन साल पूरे कर लिए थे तथा सबकुछ फिर से शुरू करना या कुछ और करना कोई ऐसा विकल्प नहीं था जिस पर मैं विचार करना चाहता था। बाद में मैंने उज्बेकिस्तान आने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि समरकंद में रहने का खर्च यूक्रेन की तुलना में अधिक है लेकिन वह अपनी शिक्षा जारी रखने में सक्षम होने से खुश हैं।

पंजाब के फिरोजपुर की तन्वी वाधवा यूक्रेन में बुकोविनियन स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी की छात्रा थीं और एक सेमेस्टर के नुकसान के कारण विश्वविद्यालय से जुड़ने को लेकर आशंकित थीं। उन्होंने कहा, मैंने आठ महीने तक ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लिया। हमें उम्मीद थी कि युद्ध ख़त्म होगा और हम वापस जाएंगे। कुछ छात्र अलग-अलग रास्तों से वापस भी चले गए लेकिन मैं यह जोखिम नहीं लेना चाहती थी। मैंने जॉर्जिया से पोलैंड तक सभी विकल्पों का मूल्यांकन किया और उज़्बेकिस्तान आने का फैसला किया। विश्वविद्यालय ने हमें एक सेमेस्टर पहले के हिसाब से प्रवेश दिया, मुझे शुरू में एक सेमेस्टर के नुकसान का डर था लेकिन बाद में मैंने अपना मन बदल लिया और यह निर्णय ठीक रहा।

मेरठ के दिव्यांश भी वाधवा के साथ उसी विश्वविद्यालय में पढ़ते थे। उन्होंने कहा कि उज्बेकिस्तान के विश्वविद्यालयों ने अंग्रेजी में शिक्षण और सीखने की पेशकश की तथा पाठ्यक्रम भी उसी तर्ज पर है। उन्होंने कहा, सभी देशों में ऐसे विश्वविद्यालय नहीं हैं जो शिक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी की पेशकश करते हैं। तो यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कारक था। यूक्रेन और समरकंद में जीवन की गुणवत्ता समान है लेकिन यह जगह अब अधिक सुरक्षित महसूस होती है।

फरवरी 2021 में जब रूस का आक्रमण शुरू हुआ तो उस समय लगभग 19,000 भारतीय छात्र यूक्रेन में पढ़ रहे थे।

अनुमान के मुताबिक, लगभग 2,000 भारतीय छात्र यूक्रेन वापस चले गए हैं और इनमें से ज्यादातर पूर्वी यूरोपीय देश के पश्चिमी हिस्से में रह रहे हैं।

यूक्रेन से निकाले जाने के बाद अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए दूसरे देशों के विश्वविद्यालयों में स्थानांतरित होने के सिवाय उनके पास कोई विकल्प नहीं था। कई छात्र रूस, सर्बिया और अन्य यूरोपीय देशों में चले गए हैं।

# जेल में इमरान के 100 दिन पूरे

लाहौर/भाषा। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के जेल में 100 दिन पूरे होने पर उनकी पार्टी ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से उनकी तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने एक बयान में कहा, हत्या के प्रयास में गोली मारे जाने से लेकर उनके घर पर हमला, तोड़फोड़, आंसू गैस का इस्तेमाल और अब अवैध रूप से एक छोटी सी कोठरी में कैद किए जाने से लेकर न्याय तक पहुंच से वंचित किए जाने तक, इमरान खान अपने सिद्धांतों तथा अपने हर शब्द और दावे पर कायम रहे हैं।

खान 26 सितंबर को जिला जेल अटक से स्थानांतरित किए जाने के बाद रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

गोपनीय दस्तावेज लीक होने के मामले में उनके करीबी सहयोगी और पूर्व विदेश मंत्री 67 वर्षीय शाह महमूद क़ुरैशी को भी इसी जेल में रखा गया है। खान और क़ुरैशी ने खुद को निर्दोष बताया है।

पीटीआई ने कहा कि खान को अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने, गलत चीजों से समझौता न करने और संविधान की गरिमा की बहाली के लिए आवाज उठाने के कारण दंडित किया जा रहा है।

# नाना पाटेकर ने प्रशंसक को थप्पड़ मारा

मुंबई/भाषा

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें अभिनेता नाना पाटेकर सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे एक प्रशंसक को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो वाराणसी का बताया जा रहा है, जहां 72 वर्षीय पाटेकर निर्देशक अनिल शर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म 'जर्नी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। दस सेकेंड के इस वीडियो में सूट और हैट पहने पाटेकर एक दृश्य के फिल्मांकन के लिए तैयार दिख रहे हैं, तभी एक प्रशंसक उनके पास आता है और साथ में सेल्फी खींचने की कोशिश करता है। वीडियो में प्रशंसक की इस हरकत से गुस्साए पाटेकर उसके सिर के पीछे थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। इसके बाद पाटेकर के पास खड़ा एक सुरक्षाकर्मी उस युवक की गर्दन पकड़कर उसे दूर ले जाता दिखाई दे रहा है। प्रशंसक को थप्पड़ मारने के लिए पाटेकर की सोशल मीडिया पर खूब आलोचना हो रही है। एक उपयोगकर्ता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''नाना के साथ सेल्फी लेना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।'' एक अन्य उपयोगकर्ता ने लिखा, ''नाना पाटेकर ने एक फैन को थप्पड़ मार दिया, जो उनके साथ सेल्फी लेना चाह रहा था। मैं यहां नाना को दोष नहीं दूंगा। मैं इन प्रशंसकों की मानसिकता और आत्मसम्मान की कमी को नहीं समझ पाता....वे एक 'सेलेब' को देखते हैं और सेल्फी लेने के लिए उनकी तरफ दौड़ पड़ते हैं। इन सेलेब को इतनी अहमियत क्यों देनी?'' एक उपयोगकर्ता ने पाटेकर के व्यवहार को 'चौंकाने वाला' बताया। उसने लिखा, ''वह आराम से न कह सकते थे। उस आदमी को थप्पड़ मारने की क्या जरूरत थी, जो सिर्फ एक सेल्फी लेना चाहता था?''



# फिल्म 'टाइगर-3' ने शुरुआती तीन दिनों में 240 करोड़ रुपये की कमाई की

मुंबई/भाषा

सलमान खान अभिनीत फिल्म टाइगर 3 ने रिलीज के शुरुआती तीन दिनों में घरेलू और वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर कुल 240 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म निर्माण कंपनी यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। फिल्म निर्माण कंपनी ने एक प्रेस नोट में कहा कि मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित टाइगर 3 ने शुरुआती सप्ताहांत में भारत में कुल 180.50 करोड़ रुपये (सकल) और विदेशों में 59.50 करोड़ रुपये (सकल) की कमाई की है, जिससे कुल सकल कमाई का आंकड़ा 240 करोड़ रुपये हो गया। फिल्म ने भारत में 148.50 करोड़ रुपये (शुद्ध) कमाई की है।

# भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होगी 'सना'

मुंबई/वार्ता

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया की राधिका मदान अभिनीत 'सना' 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में पहली बार प्रदर्शित होगी। शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (एसआईएफएफ), तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल और सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जैसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में अपनी दिलचस्प कहानी और शानदार प्रदर्शन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हासिल करने के बाद, समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म 'सना' ऐस द्वारा निर्देशित है। फिल्म निर्माता सुधांशु सरिया और राधिका मदान की फिल्म सना भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होगी ।भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 54 वां संस्करण 20 से 28 नवंबर 2023 तक गोवा में आयोजित किया जाएगा। 'सना' का प्रीमियर 23 नवंबर को 'इंडियन पैनोरमा' श्रेणी के तहत महोत्सव में किया जाएगा। सुधांशु सरिया ने कहा, इस साल बन रहे बेहतरीन सिनेमा का प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरी फिल्म को चुना जाना कोई सामान्य सम्मान नहीं है और जब हमें यह खबर मिली तो पूरी टीम रोमांचित थी। हम आखिरकार आईएफएफआई में अपने प्रीमियर के साथ अपनी भारतीय यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए उत्साहित हैं और यह सुनने के लिए उत्सुक हैं कि हमारे पहले भारतीय दर्शक फिल्म के बारे में क्या सोचते हैं।



# रणवीर से मिलकर अच्छा लगता है : दीपिका



मुंबई/एजेन्सी

दीपिका पादुकोण रणवीर सिंह की गिनती इंडस्ट्री के पावर कपल में की जाती हैं। इनकी जोड़ी को 'दीपवीर' के नाम से जाना जाता है। हाल ही में कपल करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण' के पहले एपिसोड में नजर आए थे। इसके बाद से दोनों खूब सुर्खियों में छाए हुए हैं। अब दीपिका ने अपने पति रणवीर को लेकर खुलकर बातचीत की है। दीपिका ने बताया है कि कैसे उन्हें और रणवीर को साथ में समय बिताने के लिए उन्हें शेड्यूलिंग करनी पड़ती है। इतना ही नहीं एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह दोनों एक ही शहर में रहने के बाद भी के दूसरे के साथ समय नहीं बिता पाते हैं।

दीपिका पादुकोण ने हाल ही में वॉग को दिए इंटरव्यू में बताया कि रणवीर के साथ क्वालिटी टाइम बिताना मेरे लिए बहुत ज्यादा अहम है। इसे पॉसिबल बनाने के लिए हम पूरी मेहनत करते हैं। हमारा काम ही ऐसा है कि हमें एक दूसरे के लिए समय निकालना पड़ता है। हम दोनों में से कोई महीनों तक ट्रैवलिंग ही करते रह जाता है। कभी रणवीर लेट नाइट आते हैं तो कभी मुझे सुबह जल्दी निकलना पड़ता है। ऐसा कई बार होता है जब हम एक ही शहर में होते हैं, लेकिन एक-दूसरे के साथ समय ही नहीं बिता पाते। एक-दूसरे को टाइम ही नहीं दे पाते। हमें ज्यादा वक्त नहीं चाहिए होता है, लेकिन इतना तो चाहिए जितने में हम अपना दुख-सुख बांट सकें। बहुत अच्छा लगता है, जब हम दोनों एक-दूसरे के साथ होते हैं। सिर्फ रणवीर के साथ ही नहीं बल्कि मुझे पूरे परिवार के साथ समय बिताना पसंद है।

वहीं दीपिका ने अपने स्ट्रगल के दिनों को भी याद करते हुए कहा कि जब मैं शहर में नई आई थीं तब मैं अपने बैग को लेकर इधर-उधर भटकती रहती थीं। कई बार तो पूरा दिन कैब में ही निकल जाता था और मैं कैब में ही सो जाती थी। मेरी मां को बस यही चिंता रहती थी कि मैं ठीक ठाक घर पर पहुंच जाऊं। मैंने जो भी किया अपने दम पर ही किया। वहीं एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में शाहरुख खान के साथ जवान में नजर आई थीं। अब वह साउथ के सुपरस्टार प्रभास संग फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस फिल्म फाइटर में ऋतिक रोशन संग नजर आएंगी।

# ऐश्वर्या राय पर की भद्दी टिप्पणी पर पाक क्रिकेटर अब्दुल रज्जाक ने माँगी सार्वजनिक माफी

मुंबई/एजेन्सी

एक कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन को लेकर असंवेदनशील टिप्पणी करने के बाद विवादों में आए पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अब्दुल रज्जाक ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। अभिनेत्री पर उनकी टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। लोगों ने उनसे माफी मांगने को कहा। अब्दुल रज्जाक ने जब टिप्पणी की थी उस समय पूर्व क्रिकेटर उमर गुल और शाहिद अफरीदी भी बैठे थे। दोनों ने रज्जाक की टिप्पणी पर तालियां बजाईं थीं और हंसे थे। ट्विटर पर पोस्ट वीडियो माफीनामे में अब्दुल रज्जाक ने कहा कि उनका इरादा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। जुबान फिसलने के कारण उनके मुंह से ऐश्वर्या राय का नाम निकल गया। मैं दिल से माफी मांगता हूं: अब्दुल रज्जाक अब्दुल रज्जाक ने कहा, 'कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्रिकेट की बात हो रही थी, कोचिंग की बात हो रही थी और इंटेंशन की बात हो रही थी और मेरी जुबान फिसल गई। मैं किसी और का रिफ्रेंरेंस देना चाहता था, लेकिन ऐश्वर्या जी का नाम मुंह से निकल गया। मैं दिल से माफी मांगता हूं। उनसे माफी मांगता हूं।

मेरा इरादा ऐसा नहीं था। मैंने मिसाल दी वह नहीं देनी थी, लेकिन यह निकल गया। मैं वास्तव में बहुत शर्मिंदा हूं।' अब्दुल रज्जाक ने द पर पोस्ट किया, 'मैं कल के लिए बहुत शर्मिंदा हूं। मुझे अहसास है कि मैंने बहुत बुरे शब्द कहे थे। मैं सभी से माफी मांगता हूं, कृपया मुझे माफ कर दें।' अब्दुल रज्जाक की ऐश्वर्या राय पर टिप्पणी सोशल मीडिया यूजर्स ही नहीं, बल्कि उनके कई पूर्व साथियों और अन्य प्रमुख हस्तियों को भी पसंद नहीं आईं।



हंसने और ताली बजाने के बजाय रज्जाक को रोकना चाहिए था: शोएब अख्तर जाने-माने पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर ने एक्स पर लिखा, 'मैं रज्जाक के अनुचित मजाक/तुलना की कड़ी निंदा करता हूं। किसी भी महिला का इस तरह अपमान नहीं किया जाना चाहिए। उनके बगल में बैठे लोगों को हंसने और ताली बजाने के बजाय तुरंत रोकना चाहिए था।' शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेत्री प्रियंका चतुर्वेदी ने भी अब्दुल रज्जाक की आलोचना की थी। बगल में बैठे शाहिद अफरीदी को नहीं सुनाई दिया अब्दुल रज्जाक ने क्या कहा? कार्यक्रम में मौजूद पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी शुरुआत में ताली बजाते दिखे। हालांकि, बाद में शाहिद अफरीदी ने स्पष्ट किया कि उन्हें नहीं पता कि अब्दुल रज्जाक ने ऐश्वर्या राय के बारे में क्या कहा था। बाद में जब उन्होंने क्लिप सुनी तो उन्हें बुरा लगा।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.


अग्रवाल समाज कर्नाटक का दीपावली स्नेह मिलन सोमवार को पैलेस ग्राउंड स्थित प्रिंसेस श्राइन सभागार में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## बधाई

बुधवार को बेंगलूरु में राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोया द्वारा आयोजित दीपावली गेट टुगेदर में कर्नाटक प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा का राजस्थानी बेंगलूरुवासियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थानी समुदाय के चिरपरिचित उदार समाजसेवी कमल सिपानी ने भी विजयेन्द्र येडीयुरप्पा को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# भाई बहन का रिश्ता पवित्रता का प्रतीक है : साध्वी प्रतिभाश्री

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी ने अपने प्रवचन मे कहा कि आज का दिन भाई दूज का दिन है। पर्व मनाने का उद्देश्य जीवन की पवित्रता को समझना है। भाई बहन का रिश्ता पवित्रता का प्रतीक है। भाई बहन ने अटूट प्रेम का अनुठा संबंध होता है। भाई दूज का महान पर्व भाई बहन के रिश्ते की महिमा का प्रतीक है। लौकिक और लोकोत्तर पर्व संस्कृति के रक्षक होते हैं। मनुष्य ही संस्कृति का संवाहक और संस्कृति का रक्षक होता है। भाईदूज को मराठी में भाईबीज भी कहते हैं। आज ही के दिन श्री राम का श्रीलंका से पुनरागमन के पश्चात अयोध्या में राजतिलक हुआ था। आज ही के दिन हनुमान के हाथों सीताजी के 21 दिन के व्रत का पारणा हुआ था तथा राम नाम की मुद्रिका आज ही के दिन सीताजी को प्राप्त हुई थी। आज ही के दिन भगवान महावीर स्वामी के भाई नंदीवर्धन को उनकी बहन सुदर्शना ने बेले तप का पारणा करवाया था। साध्वी अनुज्ञाश्रीजी ने कहा कि हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन करें तो समाज, देश और परिवार का व्यवस्थित निर्माण हो सकता है।









# अग्रवाल समाज के दीपावली मिलन में समाज के विशिष्ट सदस्यों का हुआ सम्मान

## गायकों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अग्रवाल समाज कर्नाटक का दीपावली स्नेह मिलन सोमवार को पैलेस ग्राउंड स्थित प्रिंसेस श्राइन सभागार में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। शाम को 4 बजे सबसे पहले महाराजा अग्रसेनजी के चित्र के समक्ष समाज के अध्यक्ष महावीरप्रसाद अग्रवाल, सचिव सतीश गोयल, सुरेन्द्र लाल गोयल, सुभाष बंसल, महेश मित्तल, सतीश मित्तल, बिपिनराम अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, रतन सिंघल सहित महिला मंडल की अध्यक्ष अंजू अग्रवाल व सचिव नीरू तायल ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अध्यक्ष महावीरप्रसाद अग्रवाल ने सभी सदस्यों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी तथा सभी का स्वागत किया। सचिव सतीश गोयल ने विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। स्नेह मिलन में सभी उपस्थित जनों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी तथा अपना परिचय बढ़ाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गायक बिमल पंवार एन्ड सोनप्रिया ने राम मंदिर के उदघाटन के उपलक्ष्य में 'मेरी झोपड़ी के खुल गए भाग, मेरे राम आएंगे' भजन की प्रस्तुति दी तो उपस्थित सभी सदस्यों ने जय श्रीराम का जयघोष किया तथा जय जय श्रीराम के नारे लगाए। गायकों ने अनेक गीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर समाज सेवा में विशेष सहयोग देने वाले सदस्यों का समाज की ओर से विशेष सम्मान किया गया। समाज के पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों ने सभी चयनीत सदस्यों का शॉल पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष ऋषि गुप्ता, संयोजक अंकित मोदी, गणेश मित्तल, मदन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संजय तायल व संजय जालान ने स्नेह मिलन की व्यवस्था संभाली। युवा संघ के अध्यक्ष कुणाल गोयल व सचिव सतीश गोयल ने मंच संचालन किया। इस मिलन समारोह में बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के सदस्य अपने परिवार सहित शामिल हुए।



# महावीर निर्वाण और गौतम स्वामी केवल ज्ञान कल्याणक पर्व पर लड्डू अर्पण हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी में साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी की निश्रा में परमात्मा महावीर निर्वाण और प्रथम गणधर गुरु गौतम स्वामी के केवल ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम प्रातः काल की शुभ वेला में जिनालय दादावाड़ी का द्वारोद्घाटन करके विमलादेवी मदनलाल गुलेच्छा ने सकल संघ को परमात्मा और गुरुदेव के दर्शन करवाए। परमात्मा महावीर के निर्वाण कल्याणक का लड्डू शांतिदेवी चुन्नीलाल गुलेच्छा परिवार ने अर्पण किया। प्रभु महावीर के प्रथम गणधर गुरु गौतम स्वामी के केवलज्ञान कल्याणक का लड्डू कमलादेवी माणकचन्द अरविन्दकुमार कोठारी परिवार ने अर्पण किया। इसी के साथ दादा गुरुदेव के मंदिर में मेवाराम सूरजमल मालू परिवार ने, यंत्र मन्दिर में विमलनाथ परमात्मा को प्रेमलता कुशालचन्द गांधी परिवार ने, नाकोड़ा भैरवजी के मंदिर में बसन्तकुमारजुगराज सोलंकी परिवार और अम्बिका माता के मुथा मदनलाल नैनमल परिवार ने लड्डू चढ़ाया।

आराधना भवन में आयोजित धर्मसभा में ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष निर्भयलाल गुलेच्छा, उपाध्यक्ष तेजराज मालानी, कोषाध्यक्ष रणजीत ललवानी ने सभी का स्वागत किया। खरतरगच्छ संघ के अध्यक्ष बाबूलाल भंसाली और महामंत्री अरविन्द कोठारी ने सदस्यों का आगामी वर्ष आध्यात्मिक उन्नति के साथ सुख समृद्धि में वृद्धि की कामना की। साध्वीश्री प्रीतिसुधाजी और प्रियकल्पनाश्रीजी ने सकल संघ को सप्त स्मरण, शांति पाठ और महामांगलिक के साथ गौतमस्वामी रास श्रवण करवाया और सकल संघ को परमात्मा महावीर निर्वाण कल्याणक और गौतम स्वामी केवल ज्ञान कल्याणक पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की। संघ के ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए कहा कि गौतम स्वामी रास के दौरान रजत से नवनिर्मित पंचतीर्थी प्रतिमा भराने का लाभ संघमाता इचरजदेवी चम्पालाल विजयराज डोसी परिवार और सिद्धचक्र को भराने का लाभ मेवाराम सूरजमल मालू परिवार को प्रदान किया। कल्याणक पर्व के उपलक्ष्य में सकल संघ को लड्डू की प्रभावना मुथा मदनलाल नैनमल परिवार ने प्रदान की।





# 'अणुव्रत आंदोलन जैसे अनेक अवदान दिए आचार्यश्री तुलसी ने'

## युगद्रष्टा महापुरुष थे आचार्य तुलसी : मुनि दीपकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अणुव्रत समिति द्वारा गांधीनगर स्थित तेरापंथ भवन में मुनिश्री हिमांशुकुमारजी के सान्निध्य में आचार्यश्री तुलसी का 110वां जन्मदिवस 'अणुव्रत दिवस' के रुप में मनाया। महिला शक्ति द्वारा मंगलाचरण किया गया। अध्यक्ष देवराज रायसोनी ने स्वागत किया। तेरापंथ सभा अध्यक्ष कमलसिंह दुग्गड एवं अणुविभा के सहमंत्री ओमप्रकाश बांठिया ने गुरुदेव के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। मुनिश्री हिमांशुकुमारजी ने कहा कि मानवीय मूल्यों के लिए एक स्वतंत्र भारत की आवश्यकता है। भारत गुलाम बना, अगर व्यक्ति को अपने ताकत का पता है तो वह असंयम की ओर अग्रसर नहीं होगा। आचार्यश्री तुलसी विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। गुरु ऐसे होते हैं जो हर एक व्यक्ति को सुधारने का, समझने का अवसर देते हैं। गुरु तुलसी जन-जन के मन में विशेष स्थान बनाए हुए हैं । अणुव्रत को अपनाएंगे तो जीवन के मूल्य बढ़ेंगे। आचार्यश्री तुलसी दिवा स्वप्नदृष्टा थे । जागृत अवस्था में जो स्वप्न देखे उन्होंने उन्हें साकार किया। उन्होंने असांप्रदायिक धर्म बताया। जाति, वर्ण, लिंग से ऊपर उठकर मानवीय धर्म को बताया । जो लीक से हटकर एक नया मार्ग बताया, जो सबके लिए अनुकरणीय बना। समणश्रेणी, उपासकश्रेणी, प्रेक्षाध्यान, अणुव्रत आंदोलन आदि अनेक अनेक अवदान दिए। अणुव्रत आंदोलन असांप्रदायिक आंदोलन है। इसके छोटे-छोटे नियमों को पालकर जीवन में अनेक बदलाव ला सकते हैं एवं जीवन के क्रम को बदल सकते हैं । अणुव्रत में धर्म की छाप नहीं, पर्यावरण की सुरक्षा छिपी हुई है । इसमें स्वच्छ नागरिकता भी है, राजनीतिक एवं सांप्रदायिक वातावरण में भी अणुव्रत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का संचालन मंत्री हरकचंद ओस्तवाल ने किया।

एक अन्य कार्यक्रम में तेरापंथ भवन विजयनगर में विराजित मुनिश्री दीपकुमारजी के सान्निध्य में भी आचार्यश्री तुलसी के 110वां जन्मदिवस मनाया गया।विजयनगर सभा के अध्यक्ष प्रकाश गांधी ने स्वागत वक्तव्य देते हुए गुरूदेव आचार्यश्री तुलसी की सम्पूर्ण जीवनी की जानकारी दी। समिति के पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल पोरवाल ने अणुव्रत समिति की ओर से सभी का स्वागत किया। अणुविभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश चावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुनिश्री दीपकुमारजी ने कहा कि आचार्यश्री तुलसी युगदृष्टा महापुरुष थे। उन्होंने युग की नब्ज को पहचाना एवं युग की समस्याओं को समझा और सुलझाया। उनकी प्रवचन कला अदभुत थी। वाणी में ओज था। वे महान संगीतकार थे। आचार्य तुलसी साहित्यकार थे। उन्होंने स्वयं सृजन किया और सृजनकारों का निर्माण भी किया। समण श्रेणी जैसा क्रांतिकारी अवदान दिया।

अणुव्रत, आचार्यश्री तुलसी का विशिष्ट अवदान है। अणुव्रत सार्वजनिक कार्यक्रम है । मुनिश्री काव्य कुमारजी ने कहा की आचार्यश्री तुलसी समता योगी थे । उन्होंने महान पुरुषार्थ किया । लम्बी-लम्बी पदयात्राएं भी की। कार्यक्रम में महासभा के कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश लोढ़ा, समिति सहमंत्री प्रवीण बोहरा, तेयुप उपाध्यक्ष विकास बांठिया, महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गादिया, मनोहरलाल बाबेल सहित सभा, परिषद एवं महिला मंडल के पदाधिकारीगण की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का संचालन समिति उपाध्यक्ष माणकचंद संचेती ने किया एवं आभार ज्ञापन प्रेम चावत ने किया ।

# धर्म आराधना व जिनवाणी श्रवण के लिए मिले समय का करें सदुपयोग : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि समय बड़ा बलवान इसलिए कहा जाता है क्योंकि हर खोई चीज वापस पाई जा सकती है लेकिन हाथ से निकला समय कभी वापस लौटकर नहीं आता है। धर्म आराधना व जिनवाणी श्रवण का जीवन में जो ये समय मिला है इसका सदुपयोग कर ले क्योंकि बाद में हम चाहेंगे तो भी ये वक्त वापस लौटकर नहीं आएगा। धर्म की आराधना से जो पुण्य अर्जित होंगे वह ही परभव में काम आएंगे बाकी सब वैभव-संपदा तो यहीं छूट जाएंगे।

साध्वी शीतलगुणाश्री ने सभी को नये साल मे शुभ कार्य करने की प्रेरणा दी। मेघराज भंसाली ने बताया कि महावीर स्वामी गौतम स्वामी दादा गुरुदेव की आरती एवं मोदक अर्पित करने का लाभ नेमीचंद वेदमुथा, मेघराज भंसाली, हेमराज मोदी, दिलीपकुमार कांकरिया, अशोककुमार कुहाडमुथा ने लिया। गुरुवार को अभिषेक का लाभ फुटरमल ओटमल बागरेचा परिवार ने लिया। तिलोकचंद भंडारी व मांगीलाल वेदमुथा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# दूसरों के कल्याण के लिए महावीर भगवान ने दी देशना : आचार्य महेन्द्रसागर

राणेबेन्नूर/दक्षिण भारत। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि भगवान महावीर ने अंतिम भव, अंतिम दिन और अंतिम घडी तक व अंतिम पल तक उपदेश की गंगा बहाई थी।

उन्होंने केवलज्ञान के पश्चात तीस वर्ष तक अपनी साधना से पाया हुआ ज्ञान निस्वार्थ भाव से हमें यानी कि हम जीवों को दिया। सभी जीवों को सुखी करने की भावना से उन्होंने देशना दी और हमें जीवन की कुछ अति महत्वपूर्ण बातें बता गए। प्रभु महावीर का मोक्ष तो निश्चित था पर वह आखिरी सांस तक संसार को कुछ देना चाह रहे थे ताकि दूसरों का कल्याण हो सके।

## काली पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



स्थानीय अमरशबाई वनगोबासी संस्था द्वारा मैसूरु रोड पर दीपावली के मौके पर चार दिवसीय सार्वजनिक श्री श्याम काली पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर देवी मां के दर्शन किए तथा विशेष पूजा की। मंगलवार को विद्यार्थियों द्वारा विशेष सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवी मां की विशेष पूजा अर्चना कर बाल प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया। संस्था के पदाधिकारियों ने मुणोत का सम्मान किया।

# नासा, इसरो संयुक्त अंतरिक्ष मिशन पर कर रहे काम

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अधिकारियों ने कहा है कि 'नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर राडार' (निसार) कुछ परीक्षणों के पश्चात 2024 के पहले तिमाही में प्रक्षेपण के लिए तैयार है। नासा निसार के परियोजना प्रबंधक फिल बरेला ने बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा, इसरो अगले वर्ष की पहली तिमाही का अनुमान लगा रहा है। तो, मेरा मतलब है कि यह तैयार है।'' उन्हें उम्मीद है कि ''निसार का प्रक्षेपण जनवरी से पहले नहीं हो सकता।'' यह प्रक्षेपण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के भूस्थैतिक उपग्रह परीक्षण यान मार्क-खख के जरिए सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से किया जाएगा। तीन वर्ष की अवधि वाले इस मिशन का लक्ष्य प्रत्येक 12 दिन में पृथ्वी की संपूर्ण भूमि और बर्फ से ढकी सतहों का सर्वेक्षण करना है। शेष बचे अहम परीक्षणों के संबंध में बरेला ने कहा, ''कंपन परीक्षण चल रहा है, लेकिन कई परीक्षण किए जाने की आवश्यकता है।'' बरेला ने कहा, ''.....हम राडार और विभिन्न अंतरिक्षयान इलेक्ट्रॉनिक्स पर परीक्षण करेंगे। अभी काफी सारे परीक्षण बाकी हैं लेकिन जो अहम परीक्षण अभी बाकी है वह है कंपन के संबंध में।''

# कुत्ते के काटने से मौत के मामलों में 5 लाख मुआवजे पर विचार

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने बुधवार को उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि शहरी विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा बुलाई गई हितधारकों की बैठक में कुत्तों के काटने से मरने वाले लोगों के परिवारों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने पर चर्चा हुई।

इसमें घायल हुए लोगों के लिए 5,000 रुपये के मुआवजे पर भी चर्चा की गई। उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि एक व्यापक योजना के साथ आने के लिए चार सप्ताह के भीतर एक और बैठक आयोजित की जाए। पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 को लागू करने की मांग से संबंधित एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने सरकार को सड़क पर जानवरों को खिलाने और संघर्ष समाधान के संबंध में जारी दिशानिर्देशों का व्यापक प्रचार करने का निर्देश दिया।


Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,


(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.


HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com